नई दिल्ली
बुधवार 25 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 313
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 14

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच होगी बैठक, रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

# आज से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- *अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी होगी बातचीत*
- *रक्षा और सुरक्षा, व्यापार, नवाचार क्षेत्र पर होगी चर्चा*
- *विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, जल प्रबंधन में सहयोग करेंगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच गहराती युद्ध की आशंका के चुनौतीपूर्ण दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से इजरायल की दो दिवसीय (25 से 26 फरवरी तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिस पर दुनियाभर के देशों की निगाहें लगी हुई होंगी। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि इस यात्रा के दौरान पीएम अपने समकक्ष और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में हुई सराहनीय प्रगति की व्यापक रूप से समीक्षा करेंगे। इसके अलावा उनकी वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। सहयोग के अन्य क्षेत्रों जैसे रक्षा और सुरक्षा, व्यापार-अर्थव्यवस्था, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कृषि, जल प्रबंधन और आम-जन के बीच बने हुए संबंधों में भावी संभावनाओं के मामले भी दोनों नेताओं की बातचीत में शामिल किए जाएंगे।



*अमेरिका-ईरान के मध्य युद्ध की आहट के बीच...*

### 2017 में हुआ पहला ऐतिहासिक दौरा

*गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व में वर्ष 2017 में इजरायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। जो किसी भारतीय पीएम की पहली इजरायल यात्रा थी और उसमें दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच रक्षा, कृषि, नवाचार, जल प्रबंधन और तकनीक जैसे क्षेत्रों में संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जताई गई थी।*

### और प्रगाढ़ होगी रणनीतिक साझेदारी

*मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री की ये दूसरी इजरायल यात्रा है। जिसमें वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के अलावा इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से शिष्टाचार भेंट करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और इजरायल के बीच स्थापित दीर्घावधि रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराती है। साथ ही दोनों शीर्ष नेताओं को समान चुनौतियों के मसले की समीक्षा करने का भी मौका मिलेगा। जिससे भारत और इजरायल दोनों के लचीले लोकतंत्रों द्वारा निर्धारित संयुक्त विजन को प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को बल मिलेगा।*

### गहरे जुड़ाव का प्रतीक है यह यात्रा

*प्रधानमंत्री मोदी ने बीते दिनों अपनी इजरायल यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर की गई एक पोस्ट में पीएम नेतन्याहू को धन्यवाद देते हुए कहा था कि मैं, भारत, इजरायल के बीच गहरे जुड़ाव और हमारे द्विपक्षीय संबंधों के बहुआयामी स्वरूप को लेकर आपके शब्दों से पूरी तरह से सहमत हूं। हम इजरायल के साथ अपनी मजबूत और स्थायी मित्रता को बहुत महत्व देते हैं। जिसकी नींव आपसी विश्वास, शांति और प्रगति की साझा आकांक्षा पर आधारित है। उन्होंने ये भी कहा कि मुझे इजरायल की अपनी आगामी यात्रा के दौरान आपसे बातचीत और मुलाकात की उम्मीद है।*

### शांति, प्रगति के लिए बना रहे गठबंधन

*इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक्स पर अपने एक हालिया संदेश में भारत के प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा का खुलासा करते हुए कहा था कि आपसे यरुशलम में मिलने की उम्मीद है। हमारे बीच का संबंध दो वैश्विक नेताओं का एक मजबूत गठबंधन है। नवाचार, सुरक्षा व साझा रणनीतिक दृष्टिकोण में हम साझेदार हैं। साथ ही दोनों स्थिरता और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध देशों का एक गठबंधन बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लेकर क्षेत्रीय सहयोग तक हमारी साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है।*

### हम वर्तमान को भविष्य में बनाते हैं

*नेतन्याहू ने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध दो ऐसी शक्तियों का गहरा रणनीतिक गठबंधन है। जो साझा दृष्टिकोण रखती हैं। मेरे सामने जो दृष्टिकोण है, उसमें हम एक शक्तिशाली गठबंधन का षट्भुज बना रहे हैं। जो मध्य पूर्व, यूरोप, अफ्रीका और एशिया के देशों का एक ऐसा ध्रुव है। जो कट्टरपंथी ध्रुवों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य की प्रतीक्षा नहीं करते बल्कि उसे वर्तमान में ही बनाते हैं। साथ ही हम सब मिलकर भावी पीढ़ियों के लिए अपनी मजबूती और भविष्य सुनिश्चित करते हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पिता की हत्या कर शव को नीले-ड्रम में छिपाया

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। पिता उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे और नीट की पढ़ाई पर जोर दे रहे थे।



### हाईकोर्ट पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।



### स्पाइसजेट की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह (लद्दाख) जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान के दौरान पायलटों को विमान के इंजन नंबर 2 में गंभीर तकनीकी खराबी का पता चला, जिसके चलते विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। घटना के वक्त विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई।



### सेवातीर्थ में पहली कैबिनेट मीटिंग, कई बड़े फैसलों पर लगाई मुहर


# केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' होगा, 9072 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

- *गिफ्टी सिटी से शाहपुर तक मेट्रो विस्तार को मंजूरी*
- *जूट का एमएसपी 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया*
- *श्रीनगर हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विकास होगा*
- *पावरग्रिड की इक्विटी इन्वेस्टमेंट लिमिट बढ़ाई*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज मंगलवार को 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, भारत के राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत विचार व्यक्त करने के लिए केरल राज्य विधान सभा को केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 नामक एक विधेयक भेजेंगे।

केरल राज्य विधान सभा की राय प्राप्त होने के बाद, भारत सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और संसद में 'केरल' राज्य का नाम 'केरलम' करने के लिए केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश प्राप्त की जाएगी। वहीं, कैबिनेट ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 5,925 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इससे जूट के अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित होगा। पावरग्रिड की इक्विटी इन्वेस्टमेंट लिमिट बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। अब कंपनी प्रति सहायक कंपनी ▸▸ शेष पेज 5 पर




### नई रेल परियोजना से चार राज्यों को लाभ

कैबिनेट ने चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं पर कुल 9,072 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इन परियोजनाओं में गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, पुनारख-किउल तीसरी और चौथी लाइन तथा गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों को कवर करेंगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इन परियोजनाओं को 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 5,407 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिनकी कुल आबादी करीब 98 लाख है। क्षमता बढ़ने से देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इनमें जबलपुर का कचनार शिव मंदिर, बालाघाट का कान्हा नेशनल पार्क, गंगुलपारा बांध और जलप्रपात, पेंच नेशनल पार्क, धुआंधार जलप्रपात, बरगी बांध, गोमजी-सोमजी मंदिर, चांडिल बांध, दलमा हिल टॉप, हेसाकोचा जलप्रपात, रायजामा घाटी और दलमा वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।

### विस्तारित गुजरात मेट्रो कॉरिडोर की परियोजना लागत 1063 करोड़ रुपये

*केंद्रीय कैबिनेट ने गिफ्टी सिटी से शाहपुर तक गुजरात मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (जीएमआरसी) के कॉरिडोर के विस्तार को स्वीकृति दी है। यह कॉरिडोर 3.33 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें तीन एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस परियोजना के लगभग चार वर्षों में पूरी होने की उम्मीद है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,067.35 करोड़ रुपये है। इस विस्तारित कॉरिडोर से 2029 में लगभग 23,702 यात्रियों और 2041 में लगभग 58,059 यात्रियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। यह कॉरिडोर अहमदाबाद और गिफ्ट क्षेत्र के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। प्रस्तावित मार्ग पर स्थित प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों और वाणिज्यिक केंद्रों को इससे सीधे लाभ मिलेगा। इस परियोजना के निर्माण क्षेत्र में लगभग 1,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। निर्माण के बाद के चरण में संचालन और रखरखाव के लिए लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा।*

### श्रीनगर हवाई अड्डे के लिए 1677 करोड़ रुपये को मंजूरी दी

*कैबिनेट ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत के सिविल एन्क्लेव के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना के दायरे में सुरक्षा कर्मियों के लिए बैरकों का निर्माण भी शामिल है। 73.18 एकड़ में फैले नई सिविल एन्क्लेव परियोजना में 71,500 वर्ग मीटर (विद्यमान ढांचे के 20,659 वर्ग मीटर सहित) में फैला एक अत्याधुनिक टर्मिनल भवन होगा, जिसे व्यस्ततम समय में 2,900 यात्रियों की सेवा और प्रति वर्ष 10 मिलियन यात्रियों (एमपीपीए) की वार्षिक क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। विस्तारित एप्रॉन में 15 विमान पार्किंग बे होंगे, जिनमें 1 वाइडबॉडी (कोड ई) विमान (9 विद्यमान और 6 प्रस्तावित) शामिल हैं, जबकि 3,658 मीटर x 45 मीटर का रनवे भारतीय वायु सेना द्वारा प्रचालित किया जाता रहेगा। इस परियोजना में 1,000 कारों के लिए मल्टी-लेवल कार पार्किंग सुविधा का निर्माण भी शामिल होगा।*

# राज्यसभा की 37 सीटों के चुनाव के बाद राजग होगा 152 सांसदों का ऐतिहासिक कुनबा ! बहुमत से 19 अधिक

शिशिर सोनी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में लंबे समय के बाद किसी सत्ताधीश पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है। 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान के बाद स्पष्ट है कि भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 19 सीटों पर विजय निश्चित है। इस जीत के साथ ही राजग गठबंधन उच्च सदन में 133 से बढ़कर 152 तक पहुंचने की संभावना है। यानी 123 की मेजॉरिटी से 19 सांसदों की संख्या राजग के खाते में अधिक होंगे। उम्मीद की जा रही है कि जीतने वाली 19 सीटों में 14 सीटें भाजपा के पास होंगी। भाजपा सांसदों की संख्या चुनाव के बाद 103 से बढ़कर 117 होने की संभावना है। यानी बहुमत के आंकड़े से अपने दम पर भाजपा महज 5 सांसदों के गिनती से दूर रहेगी।

इस वर्ष के अंत तक राज्यसभा में 34 और सीटें रिक्त होने वाली हैं। माना जा रहा है 2026 में भाजपा अपने दम पर अकेले राज्यसभा में बहुमत के आंकड़े को छू लेगा। इसी बीच केरल, असम और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस पार्टी की कमजोर होती स्थिति का फायदा इंडिया गठबंधन के साथी दल दबाव की राजनीति कर उठा रहे हैं। तमिलनाडु से एक सीट भी राज्यसभा के लिए देने से डीएमके ने देने से मना कर दिया है। छत्तीसगढ़ से खाली हो रही दो सीटों में से एक सीट पर कांग्रेस पार्टी के खाते में जाएगी। उस एक सीट के लिए बाहरी या छत्तीसगढ़िया किसके हाथ लगेगी बाजी इस पर ▸▸ शेष पेज 5 पर



### बहुमत का गणित और 'मैजिक नंबर'

*राज्यसभा की 245 सदस्यीय सदन में राजग के पास वर्तमान में 133 सांसद हैं, जिनमें भाजपा के 103 सदस्य शामिल हैं। बहुमत का आंकड़ा 123 का है, यानी राजग पहले से ही इस आंकड़े के करीब है और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन से उसकी स्थिति और मजबूत हो सकती है। राज्यसभा चुनाव में प्रत्येक सीट के लिए संबंधित राज्य की विधानसभा में 'कोटा' तय होता है। यह कोटा उस राज्य की कुल विधानसभा सदस्य संख्या के आधार पर निर्धारित होता है। जिन राज्यों में राजग को स्पष्ट बहुमत प्राप्त है, वहां उसके लिए जीत आसान मानी जा रही है, लेकिन जहां बहुमत सीमित है, वहां क्रॉस-वोटिंग और राजनीतिक समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।*

### महाराष्ट्र और बिहार में मजबूत स्थिति

*महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। यहां प्रत्येक सीट के लिए लगभग 41 विधायकों का समर्थन आवश्यक है। मौजूदा संख्या के आधार पर राजग छह सीटें आराम से जीत सकता है। महाराष्ट्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शिवराज ने 11 राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाओं की समीक्षा

# कहा, योजनाओं का उद्देश्य केवल बजटीय व्यय करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किसानों की आय में ठोस वृद्धि सुनिश्चित करना

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर 11 राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल माध्यम से विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) एवं कृषि उन्नति योजना (केवाई) के अंतर्गत राज्यों में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा इन दोनों योजनाओं में जारी धनराशि के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल बजटीय व्यय करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किसानों की आय में ठोस वृद्धि सुनिश्चित करना है। बैठक में गुजरात के कृषि मंत्री जीतूभाई, असम के अतुल बोरा, बिहार के रामकृपाल यादव, महाराष्ट्र के दत्तात्रेय भरणे, उत्तराखंड के गणेश जोशी, राजस्थान के किरोड़ी लाल मीणा, हरियाणा के श्याम सिंह राणा, केरल के पी. प्रसाद तथा मध्य प्रदेश के ऐदल सिंह, कृषि मंत्रालय के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चौहान ने राज्यों से आग्रह किया कि उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग 31 मार्च 2026 तक पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को ▸▸ शेष पेज 5 पर



# निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों के मंथन से निकला बेहतर चुनाव प्रबन्धन का मंत्र, 27 सालों के बाद हुआ ऐसा आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राज्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ राष्ट्रीय राउंड टेबल सम्मेलन-2026 का आयोजन किया। 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में चुनावी प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने और शुद्ध मतदाता सूचियां तैयार करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोगों के बीच संवैधानिक ▸▸ शेष पेज 5 पर



### 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' पारित

*सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' को सर्वसम्मति से अपनाया। घोषणा में कहा गया कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र का मूल आधार है तथा चुनावों का संचालन कुशल और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। घोषणा में यह भी संकल्प लिया गया कि ईसीआई और राज्य निर्वाचन आयोग पंचायतों और नगर निकायों के चुनाव संबंधी कानूनों तथा संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावी कानूनों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। कानूनी और तकनीकी अधिकारियों की संयुक्त टीम अगले तीन महीनों में सुझावों का अध्ययन कर आगे की कार्ययोजना तैयार करेगी।*

### नई पुस्तक का विमोचन

*सम्मेलन के दौरान 'ए कन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसी' नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इसमें हाल में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन 2026 का विस्तृत विवरण दिया गया है। पुस्तक में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी, 36 विषयगत सत्रों की चर्चाएं और 'दिल्ली घोषणा 2026' का उल्लेख शामिल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सम्मेलन चुनावी प्रबंधन में सहयोगात्मक संघवाद को मजबूत करेगा और तकनीकी समाधानों के माध्यम से चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को नई दिशा देगा।*

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा विभिन्न विभागों के खातों में वापस जमा करवाया गया: सैनी

# हरियाणा सरकार रख रही है जनता के पैसे की एक-एक पाई का हिसाब, भ्रष्टाचार की फाइलें दबाने का समय अब खत्म हो गया है: मुख्यमंत्री

- सदन में मुख्यमंत्री ने कहा: सरकार जीरो टॉलरेंस टू करप्शन की नीति के साथ काम कर रही है डबल इंजन की सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के मामले पर विधानसभा सदन के समक्ष बताया कि इस प्रकरण में शामिल हरियाणा सरकार के विभाग व बोर्ड कॉरपोरेशन सहित संपूर्ण राशि का शत-प्रतिशत भुगतान आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा विभिन्न विभागों के खातों में वापस जमा कर दिया गया है। बैंक द्वारा कुल 556 करोड़ रुपये जमा करवाए गए हैं, जिसमें लगभग 22 करोड़ रुपये ब्याज भी शामिल हैं। 24 घंटे से भी कम समय में सरकार द्वारा बैंक के उच्चाधिकारियों के सहयोग से पूरा पैसा रिकवर कर लिया गया है। सैनी ने सदन में कहा कि आज देश में नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत चौकीदार है, जिनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार जनता के पैसे की एक -एक पाई का हिसाब रख रही है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की मेहनत का पैसा है और इसे उनके कल्याण पर ही खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त सचिव की अध्यक्षता में बनाई गई हाई-लेवल कमेटी कर्मचारियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय करेगी। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में शासन की कार्यप्रणाली पूरी तरह बदल चुकी है। भ्रष्टाचार की फाइलें दबाने का समय खत्म हो गया है। डबल इंजन की सरकार हर पाई का ▸▸ शेष पेज 5 पर



### 13,14 एवं 15 मार्च को होने वाली बैठक में संघ प्रमुख भागवत भी रहेंगे मौजूद

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा हरियाणा के समालखा में होगी

- *बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर चर्चा के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे*
- *बैठक में कुल 1489 कार्यकर्ता शामिल होंगे*
- *संघ प्रेरित विविध 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी मौजूद रहेंगे।*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस वर्ष समालखा, (हरियाणा) में 13,14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित हो रही है। संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक होती है। प्रतिवर्ष होने वाली बैठक का आयोजन इस वर्ष ग्रामविकास एवं सेवा साधना केन्द्र, पट्टीकल्याणा, समालखा, (हरियाणा) में हो रहा है। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रांत व क्षेत्र स्तर के प्रमुख पदाधिकारी सहित कुल 1489 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संघ प्रेरित विविध 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी मौजूद रहेंगे। यह वर्ष संघ शताब्दी का होने के नाते शताब्दी निमित्त आयोजित विजयादशमी उत्सव, गृहसंपर्क, हिन्दू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, प्रमुख नागरिक गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठकें आदि कार्यक्रमों तथा अभियानों के वृत्तांत के साथ-साथ अनुभवों पर बैठक में विशेष चर्चा रहेगी। प्रतिनिधि सभा में गत वर्ष 2025-26 के संघ कार्य की समीक्षा तथा प्रांतों में हुए विशेष कार्यों का निवेदन होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के अनुसार बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य पर चर्चा के साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किए जाएँगे। संघ शाखाओं द्वारा अपेक्षित सामाजिक परिवर्तन के कार्यों सहित विशेष रूप से पंच परिवर्तन के प्रयासों की चर्चा अपेक्षित है। संघ शिक्षा वर्ग तथा कार्यकर्ता विकास वर्ग सहित अन्य प्रशिक्षण वर्गों की योजनाओं पर विचार-विमर्श तथा आगामी वर्ष की संघ कार्य योजना का निर्धारण किया जाएगा।



### मुख्यमंत्री ने मुंडका में 264 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# एक वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र में 1600 करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए शुरू : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक वर्ष में लगभग 1600 करोड़ रुपए के विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इस बात की जानकारी मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुंडका विधानसभा क्षेत्र में लगभग 264 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने के अवसर पर दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन कामों के पूरा होने से इलाके में सड़कों और यातायात की सुविधा बेहतर होगी। लोगों को साफ पीने का पानी मिलेगा और सीवर व्यवस्था भी सुधरेगी। साथ ही, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, जिससे आम लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी योजनाएं ग्रामीण दिल्ली को शहर जैसी सुविधाएं देने की दिशा में बड़ा कदम हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने गांव-देहात की उपेक्षा की, जिसके कारण राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी सड़कों, जर्जर नालों, स्कूलों, अस्पतालों और कॉलेजों की कमी जैसी बुनियादी समस्याएं वर्षों तक बनी रहीं, लेकिन अब ग्रामीण दिल्ली भी विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में सरकार ने अंत्योदय के संकल्प को आत्मसात करते हुए ग्रामीण दिल्ली में सड़क, पेयजल, सीवरेज, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया है। सरकार ने गांवों के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाबद्ध और तेज विकास सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि गांवों में सड़कों का निर्माण, बड़े नालों का निर्माण, बॉर्डर क्षेत्रों का विकास, नए स्कूल, अस्पताल और डिस्पेंसरी स्थापित करने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। लगभग 500-600 करोड़ रुपये की लागत से पेरिफेरल सड़कों और नालों के निर्माण के कार्य भी पूरे ग्रामीण क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। इसके अलावा, नए मास्टर प्लान के माध्यम से किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा, चकबंदी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा और 900 बीघा भूमि पर प्रस्तावित ग्रोथ सेंटर को विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से मुंडका विधानसभा क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध होगी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होंगी और स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इस अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, मंत्री कपिल मिश्रा, मुंडका के विधायक गजेंद्र सिंह दराल, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजकुमार चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी परियोजनाएं दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (डीवीडीबी), मुख्यमंत्री विकास कोष (सीएमडीएफ), विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलएएडी) और अन्य मदों के अंतर्गत स्वीकृत की गई हैं।



### पहले गांवों को मिलते थे धक्के, अब मिल रहा हजार करोड़ का फंड : कपिल

दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में गांवों में सड़क, पानी, सीवर के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ते थे और मुख्यमंत्री कार्यालय के दरवाजे नहीं खुलते थे। लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। आज गांव के विकास के लिए हजारों करोड़ रका फंड मिल रहा है। होली पर हमारी बहनों को फ्री एलपीजी सिलेंडर का उपहार भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब केवल आरोप-प्रत्यारोप होते थे, आज नई सड़कें बन रही हैं, नई पानी की लाइनें डाली जा रही हैं, सीवर लाइन बिछ रही हैं। पूरी दिल्ली में ऐसा कोई इलाका नहीं, जहां विकास का काम शुरू न हुआ हो।

### दिल्ली सरकार ने विधवा और दिव्यांग पेंशनधारियों को आयुष्मान योजना से जोड़ा



- 3.96 लाख विधवाएं और करीब 1.31 लाख दिव्यांग अब आयुष्मान के दायरे में : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पेंशन प्राप्त करने वाली विधवा महिलाओं व दिव्यांगजनों को अब प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। अब इनका परिवार भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठा सकेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया। निर्णय के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि विधवा पेंशन की करीब 3 लाख 96 हजार 615 लाभार्थी महिलाओं और दिव्यांग पेंशन के लगभग 1 लाख 31 हजार 515 लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि दिल्ली का कोई भी गरीब, कमजोर या जरूरतमंद नागरिक इलाज के अभाव में वंचित न रहे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है और दिल्ली सरकार ने इसे और अधिक प्रभावी और समावेशी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस निर्णय के बाद लगभग 5.5 लाख अतिरिक्त परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा की मजबूत छतरी के नीचे आ जाएंगे। ये परिवार पहले से योजना का लाभ ले रहे अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता (पीआरएस) श्रेणी के परिवारों, 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स के अतिरिक्त होंगे। इस प्रकार दिल्ली में स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा अभूतपूर्व रूप से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत के माध्यम से देश के करोड़ों गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का अधिकार दिया है और दिल्ली सरकार उसी जनकल्याणकारी सोच को आगे बढ़ाते हुए राजधानी में हर पात्र व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य साफ है कि कोई भी पात्र नागरिक गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि अब तक दिल्ली में 7 लाख 23 हजार 707 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 2 लाख 74 हजार 620 कार्ड वरिष्ठ नागरिकों को दिए गए हैं। राजधानी में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 208 अस्पतालों का व्यापक नेटवर्क सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें 156 निजी और 53 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) दिल्ली के माध्यम से अब तक 29,120 से अधिक लाभार्थी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि दिल्ली के हर जरूरतमंद परिवार के स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा संकल्प है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कस्टडी में भेजे जाने के फैसले का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा भारत की ए.आई. इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस नेताओं द्वारा हंगामा किए जाने के मामले में युवा कांग्रेस के गिरफ्तार अध्यक्ष उदयभानु को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेजे जाने के फैसले का स्वागत किया है। सचदेवा ने कहा कि उदयभानु राहुल गांधी के इशारे पर ए.आई. समिट में जिस प्रकार का कुकृत्य किया है, वह भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास है, उस पर न्यायालय द्वारा उदयभानु की चार दिन की पुलिस कस्टडी स्वीकार कर ली गई है। विश्व पटल पर भारत को बदनाम करने का प्रयास करने वाले आज खुद राजनीतिक रुप से नगण्य हो चुके हैं। सचदेवा ने कहा कि यह महज संयोग नहीं है बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के पिछले भारत विजिट के दौरान भी कांग्रेस समर्थित उमर खालिद द्वारा प्रदर्शन किया गया था। सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के भस्मासुर है जिनके इशारे पर नंगा नाच करने वाले उनके किराये के कार्यकर्ता खुद कांग्रेस को डूबाने पर उतारू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ए.आई. समिट किसी राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं था और ना ही किसी व्यक्ति विशेष का कार्यक्रम था बल्कि विश्व भर में भारत की गौरव गाथा का कार्यक्रम था। सचदेवा ने कहा कि भारत के वे युवा जो ए.आई. के माध्यम से नए नए इनोवेशन देश-विदेश में ला रहे हैं, उसके प्रदर्शन का मामला था कि कैसे भारत विश्व गुरु बनने की ओर जा रहा है लेकिन राहुल गांधी के ऐसे कार्यकर्ताओं ने जो हरकत की है वह शर्मसार करने वाली है और यह स्पष्ट है कि कांग्रेस का आलाकमान भी इस साजिश में शामिल है।

## देश का प्रसिद्ध पूसा कृषि विज्ञान मेला आज से होगा शुरू

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे उद्घाटन
- छत पर सब्जी उगाने की तकनीक भी सिखाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश के प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 का आयोजन आज, 25 से शुरू होगा और 27 फरवरी तक पूसा परिसर स्थित मेला ग्राउंड में आयोजन किया जाएगा। कृषि वैज्ञानिकों, किसानों, स्टार्टअप्स और कृषि उद्यमियों के लिए यह मेला एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। मेले का उद्घाटन सुबह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, उन्नत बीजों और आधुनिक खेती के मॉडल का प्रदर्शन किया जाएगा। आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में पारंपरिक खेती के साथ-साथ शहरी कृषि पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सीमित स्थान में खेती की आवश्यकता बढ़ी है, इसलिए छत पर सब्जियां उगाने की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी भी किसानों और आम नागरिकों को दी जाएगी।

मेले में जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीक, उन्नत किस्मों के बीज, जैविक खेती, ड्रोन तकनीक, कृषि यंत्रों का प्रदर्शन और कृषि स्टार्टअप्स के नवाचार आकर्षण का केंद्र होंगे। किसानों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर भी मिलेगा, जहां वे अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे।पूसा कृषि विज्ञान मेला हर वर्ष हजारों किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। यह आयोजन 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को साकार करते हुए वैज्ञानिक शोध को सीधे खेतों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है।

## बुराड़ी कांग्रेस की बीएमए1 बैठक में गूंजा बुनियादी सुविधाओं का अभावः आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सभी विधानसभाओं में संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीएमए1 नियुक्त कर उन्हें ब्लॉक स्तर पर बीएमए2 नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बुराड़ी विधानसभा के बीएमए1 और कादीपुर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने बीएमए2 की नियुक्ति के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, ऑब्जर्वर रामनिवास राणा, ब्लॉक अध्यक्ष रेखा रानी मूनी त्यागी राजन पांडे, बलेराम पवार देवेन्द्र सिंह सुखबीर सिंह के साथ पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं, ब्लॉक स्तर के एजेंट्स और अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। स्थानीय नेता और जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज जैसे सक्रिय कार्यकर्ताओं के समर्थन से यह प्रयास और प्रभावी होने की उम्मीद है। आदेश का मानना है कि बुराड़ी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, और कांग्रेस इसे प्रमुखता से उठा रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को धरातल स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना था। कार्यकर्ताओं ने चर्चा की कि आगामी समय में पार्टी को कैसे अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचना है और स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता बढ़ानी है। विशेष रूप से, बुराड़ी क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर गहन मंथन हुआ। इनमें टूटी-फूटी सड़कें, कादीविहार से झाड़ोदा आ रहे बरसाती नाले की बरसो से सफाई ना होने से अवरुद्ध हो रही गंदे पानी की निकासी, जल बोर्ड द्वारा गंदे पानी की सप्लाई जैसे मुद्दे शामिल थे। सभी नेताओं ने एकमत से कहा कि बीजेपी की दिल्ली सरकार इन बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। सड़कों की बदहाली के कारण आवागमन में मुश्किलें हो रही हैं, जबकि जलजमाव से इलाके में गंदगी और बीमारियां फैल रही हैं। गंदे पानी की सप्लाई से लोगों को स्वास्थ्य जोखिम उठाना पड़ रहा है। बैठक में तय किया गया कि इन मुद्दों को मजबूती से बीजेपी सरकार के सामने उठाया जाएगा। पार्टी के ब्लॉक स्तर के एजेंट्स को निर्देश दिए गए कि वे क्षेत्र में सर्वे करें, लोगों की शिकायतें दर्ज करें और उन्हें पार्टी के माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही स्थानीय निवासियों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें इन समस्याओं पर हस्ताक्षर अभियान और ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी का लक्ष्य है कि बीजेपी सरकार पर दबाव बनाकर इन मुद्दों का त्वरित समाधान करवाया जाए। यह बैठक दिल्ली कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जिसमें ब्लॉक और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर भविष्य की विधानसभा चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है।

## दिल्ली चिड़ियाघर को पटना से मिलेगा बाघ, बदले में सफेद बाघिन भेजेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (एनजेडपी) को पशुओं की अदला-बदली योजना के तहत पटना चिड़ियाघर से एक बाघ मिलेगा और वह कई अन्य प्रजातियों के साथ एक सफेद बाघिन वहां भेजेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार (आईएफएस) ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वन्य प्राणियों की अदला-बदली को प्रजनन आवश्यकताओं और चिड़ियाघर के भीतर प्रजातियों में विविधता लाने की आवश्यकता, दोनों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर को मार्च में पटना चिड़ियाघर से चार घड़ियाल, चार भूरे भेड़िये - दो नर और दो मादा - और दो बार्न उल्लू मिलेंगे। बदले में चिड़ियाघर जानवरों का एक समूह भेजेगा जिसमें संगाई हिरण (जिसे मणिपुर हिरण भी कहा जाता है), एक बाघिन, चित्रित सारस, सफेद पेलिकन और काले हिरण शामिल हैं। इस आदान-प्रदान के पीछे के तर्क को समझाते हुए कुमार ने कहा कि चिड़ियाघर में वर्तमान में केवल एक मादा भेड़िया है, जो एक स्थायी प्रजनन कार्यक्रम की गुंजाइश को सीमित करती है। उन्होंने कहा, "इस आदान-प्रदान का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ प्रजनन वातावरण विकसित करना तथा और अधिक प्रजातियां जोड़ना है।" कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में वर्तमान में 13 बाघ और शावक हैं। इनमें से सात रॉयल बंगाल टाइगर और छह सफेद बाघ हैं। उन्होंने कहा कि मादा बाघों की संख्या अधिक है, जबकि अधिकांश नर बूढ़े हैं, क्योंकि वर्तमान में केवल चार नर बाघ हैं। जलीय प्राणियों पर कुमार ने कहा कि चिड़ियाघर को चार घड़ियाल मिलेंगे, जिन्हें मौजूदा तीन घड़ियालों के साथ शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, "आगंतुकों के लिए घड़ियाल की संख्या बढ़ाने के लिए हम अपने मौजूदा तीन के बेड़े में चार घड़ियाल लाएंगे।" निदेशक ने कहा कि अन्य चिड़ियाघरों के साथ आदान-प्रदान पर भी चर्चा की जा रही है। कुमार ने कहा कि यदि जानवरों को समय-समय पर चिड़ियाघरों के बीच स्थानांतरित नहीं किया जाता है और असंबद्ध पशु के साथ प्रजनन की अनुमति नहीं दी जाती है, तो इससे समय के साथ अंतःप्रजनन हो सकता है।

## दिल्लीः 2020 के दंगों के दौरान व्यक्ति की मौत के मामले में दो आरोपी पुलिसकर्मी अदालत में पेश हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान 23-वर्षीय एक युवक की मौत के मामले में दो पुलिसकर्मी मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच के सिलसिले में यहां एक अदालत में पेश हुए। घटना से जुड़े एक वीडियो में युवक को कथित तौर पर पीटते हुए और जबरन राष्ट्रगान गाने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक गोयल ने निर्देश दिया कि आरोप-पत्र और संलग्न दस्तावेजों की प्रतियां आरोपियों- रविंदर कुमार और पवन यादव- के वकीलों और पीड़ित का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील को उपलब्ध कराई जाएं। अदालत ने दस्तावेजों की पड़ताल के लिए मामले की अगली सुनवाई दो मार्च तय की। अदालत ने चार फरवरी को कुमार और यादव के खिलाफ सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया, क्योंकि रिकॉर्ड में पर्याप्त सबूत मौजूद थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैजान की मां किस्मतून द्वारा दायर याचिका पर जुलाई 2024 में मामला सीबीआई को सौंप दिया था। याचिका में जांच का जिम्मा विशेष जांच दल (एसआईटी) से लेकर सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एजेंसी ने उसी वर्ष छह अगस्त को हत्या, दंगा और गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होने के आरोप में मामला दर्ज किया। किस्मतून ने 2020 में दायर याचिका में आरोप लगाया था कि पुलिस ने उनके बेटे को बेरहमी से पीटा और उसे गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखा तथा उसे जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दीं, जिसके कारण रिहा होने के बाद उसी वर्ष 26 फरवरी को चोट के कारण उसकी मौत हो गई। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थकों और विरोधियों के बीच हिंसा बेकाबू हो जाने के बाद 24 फरवरी, 2020 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें भड़क उठी थीं, जिनमें कम से कम 53 लोग मारे गए थे।

## विभाजन की त्रासदी को जीवंत कर गया नाट्य मंचन 'लाहौर की गलियां': प्रो. बंद्योपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- अदिति महाविद्यालय में 'भारत विभाजन की साहित्यिक अभिव्यक्ति' पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ

आज की युवा पीढ़ी जिस संवेदनशीलता से विभाजन की त्रासदी को समझ रही है, वह अद्भुत है। विशेष रूप से नाट्य मंचन 'लाहौर की गलियां' ने उस दौर की वेदना को जीवंत कर दिया। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से इतिहास के उस काले अध्याय को फिर से जीवित कर दिया। यह बात प्रो. सोमा बंद्योपाध्याय (कुलपति, बाबा साहेब अंबेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी, कलकत्ता विश्वविद्यालय) ने मंगलवार को अदिति महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 'भारत विभाजन की साहित्यिक अभिव्यक्ति' विषय पर शुरू हुई तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। मनोज कुमार (राष्ट्रीय संगठन सचिव, अखिल भारतीय साहित्य परिषद) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत विभाजन की ऐतिहासिक त्रासदी को साहित्य के माध्यम से समझना और विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के बीच गंभीर चिंतन को बढ़ावा देना है।

महाविद्यालय की प्राचार्या एवं संयोजिका प्रो. नीलम राठी ने अपने संबोधन में कहा यह संगोष्ठी केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि इतिहास के उस अध्याय को समझने का माध्यम है जिसने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया। विभाजन सिर्फ भूगोल का बंटवारा नहीं था, यह महिलाओं के सपनों का बंटवारा था, जहाँ उन्होंने अपने बलिदान से एक नई परिभाषा गढ़ी। आज की छात्राओं ने इस विषय को गहराई से समझा है।

### दिल्ली नगर निगम का विज्ञापन विभाग सवालों के घेरे में, अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई और पारदर्शिता पर उठे गंभीर प्रश्न

# प्रचार सामग्री वैध है या अवैध, नहीं बता पा रहा विज्ञापन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का विज्ञापन विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभाग समय-समय पर अवैध प्रचार सामग्री हटाने की कार्रवाई तो करता है, लेकिन जब इसी संबंध में जानकारी मांगी जाती है तो पारदर्शिता का अभाव साफ नजर आता है। जानकारी उपलब्ध न कराए जाने से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि संबंधित अधिकारी स्वयं यह तय करने में सक्षम हैं या नहीं कि कौन-सी प्रचार सामग्री वैध है और कौन-सी अवैध। बाह्य विज्ञापन नीति-2017 के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, यदि उन्हें ही पर्याप्त जानकारी नहीं है तो नीति का सही पालन कैसे सुनिश्चित होगा? यह स्थिति न केवल प्रशासनिक कमजोरी दर्शाती है, बल्कि निगम के लिए चिंता का विषय भी है।




सोमवार को स्थायी समिति बैठक में भी सदस्य इंद्रजीत सहरावत ने विज्ञापन विभाग की कार्यशैली पर चिंता जाहिर की है। निगम की बेहतरी की सोच रखने वाले सूत्रों का कहना है कि नवनियुक्त आयुक्त संजीव खिरवार को विज्ञापन विभाग की कार्यप्रणाली की पारदर्शिता के साथ समीक्षा करनी चाहिए। बाह्य विज्ञापन नीति-2017 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे और अवैध प्रचार सामग्री के खिलाफ ठोस एवं निष्पक्ष कार्रवाई करे।

### सदन बैठकों में उठ चुका है संदिग्ध प्रचार सामग्री का मामला

निगम की सदन बैठकों में भी संदिग्ध प्रचार सामग्री का यह मुद्दा कई बार उठ चुका है। पार्षदों का आरोप है कि डेपुटेशन पर आए उपायुक्त स्तर और अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात कुछ अधिकारी विभागीय कार्यप्रणाली की पर्याप्त समझ नहीं रखते। इसका सीधा असर निगम के राजस्व पर पड़ रहा है। दक्षिणी दिल्ली के एक पार्षद ने तो सदन में यहां तक दावा किया था कि यदि विज्ञापन विभाग की निगरानी प्रणाली सुदृढ़ हो जाए तो निगम प्रतिवर्ष करीब 1000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर सकता है। लेकिन पिछले दो से तीन वित्तीय वर्षों की बात करे तो निगम का राजस्व लक्ष्य करीब 300 से 500 करोड़ रुपए ही रखा जाता है। वहीं, जमीनी हकीकत इससे उलट दिखाई देती है। जमीनी स्तर पर देखा जाए तो विभाग में 'इंस्पेक्टर राज' हावी है, जबकि बड़े पैमाने पर अवैध होर्डिंग्स और बोर्ड खुलेआम लगे हुए हैं। सिविल लाइन जोन के अंतर्गत आजादपुर मंडी के आसपास मुख्य मार्ग के दोनों ओर बड़े-बड़े बोर्डों के माध्यम से अवैध प्रचार सामग्री आसानी से देखी जा सकती है।

### दस दिन बीत जाने के बाद भी नहीं दी गई जानकारी

इस संबंध में जब विज्ञापन विभाग के एडीसी से जानकारी मांगी गई तो करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। विभागीय चुप्पी ने संदेह को और गहरा कर दिया है। स्थिति को और चिंताजनक बनाती है निगम की आधिकारिक वेबसाइट, जहां विज्ञापन विभाग से संबंधित जानकारी अब तक अपडेट नहीं की गई है। वेबसाइट पर ऐसे उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नाम दर्ज हैं जिनका स्थानांतरण कई माह पहले हो चुका है, जबकि कुछ अधिकारी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। इससे विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

### रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में 454 करोड़ की परियोजना को दी गई मंजूरी

# नजफगढ़ ड्रेन के दोनों किनारों पर 61 किलोमीटर लंबी बनेगी दो लेन की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की नजफगढ़ ड्रेन के दोनों किनारों पर 61 किलोमीटर लंबी दो लेन की सड़क बनेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित वित्त व्यय समिति की बैठक में 453.95 करोड़ रुपये की परियोजना की मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का प्रमुख मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक दबाव कम करना, यात्रा समय और ईंधन खपत में कमी लाना व वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को घटाना है। यह परियोजना दिल्ली के परिवहन ढांचे को नई दिशा देगी और राजधानी में एक वैकल्पिक इंट्रा-सिटी कॉरिडोर विकसित करेगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित समिति की बैठक में सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी उपस्थित थे। परियोजना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि झटीकरा ब्रिज से छावला ब्रिज तक बाएं किनारे पर 5.94 किलोमीटर लंबी दो-लेन सड़क बनेगी, जबकि छावला से बसई दारापुर तक ड्रेन के दोनों किनारों पर 27.415 किलोमीटर लंबाई में सड़क का निर्माण किया जाएगा, जो दोनों किनारों पर मिलाकर 54.83 किलोमीटर होगा। कुल विकसित लंबाई 60.77 किलोमीटर होगी। यह मार्ग आउटर रिंग रोड, इनर रिंग रोड, शिवाजी मार्ग, पंखा रोड, यूईआर-2 (एनएच-9 रोहतक रोड से कनेक्टिविटी), नजफगढ़ रोड और अन्य प्रमुख सड़कों से इंटरकनेक्टिविटी प्रदान करेगा। बसई दारापुर में इनर रिंग रोड, केशोपुर में आउटर रिंग रोड, विकासपुरी में पंखा रोड, ककरोला में नजफगढ़ रोड और धूलसिरस में यूईआर-2 के माध्यम से एयरपोर्ट और द्वारका एक्सप्रेसवे से सीधा संपर्क स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना ढांसा से लेकर बसई दारापुर तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ते हुए उत्तम नगर, विकासपुरी, नजफगढ़, बिजवासन, छावला, गोयला डेयरी, द्वारका, बापरोला, निलोठी, पश्चिम विहार, राजौरी गार्डन और आईजीआई एयरपोर्ट सहित अनेक क्षेत्रों को लाभान्वित करेगी। साथ ही गुरुग्राम सेक्टर-104 और सेक्टर-110 तक संपर्क सुदृढ़ होगा, जिससे दिल्ली और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़े गालिबपुर, रावता मोड़, दौराला, झुझुली, सारंगपुर, ढांसा, घुम्मनहेड़ा, शिकारपुर, झटीकरा, कांगनहेड़ी और छावला जैसे गांवों को भी बेहतर संपर्क मिलेगा। यह परियोजना सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सहायक होगी।

#### सड़क पर लोगों के चलने और साइकिल के लिए बनेगा अलग से ट्रैक

मुख्यमंत्री के बताया कि योजना के तहत नजफगढ़ ड्रेन के किनारे करीब 61 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी पक्की सड़क बनाई जाएगी। सड़क के साथ-साथ लोगों के चलने, दौड़ने और साइकिल चलाने के लिए अलग से ट्रैक भी बनेगा। द्वारका मेट्रो यार्ड के पास एक नया पुल भी बनाया जाएगा ताकि आवाजाही आसान हो सके। सड़क के किनारे पेड़-पौधे लगाए जाएंगे और हरियाली विकसित की जाएगी। जहां जरूरत होगी, वहां नई दीवार बनाई जाएगी और टूटी-फूटी दीवारों की मरम्मत भी की जाएगी। सड़क पर लाइटों के अलावा साइन बोर्ड लगाए जाएंगे और पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी ताकि बारिश में जलभराव न हो।

#### नवंबर 2027 तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक जरूरी प्रशासनिक मंजूरी दी जाए, अप्रैल 2026 तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो और मई 2026 तक काम शुरू कर दिया जाए। पूरी परियोजना को नवंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना दिल्ली में सतत, हरित और सुव्यवस्थित परिवहन प्रणाली की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो यातायात सुगमता, पर्यावरण संरक्षण और शहरी-ग्रामीण समेकित विकास को नई गति देगा।

## पश्चिमी दिल्ली में नहीं थमेगी विकास की रफ्तार : रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में विकास की रफ्तार को थमने नहीं दिया जाएगा इस विकास की रफ्तार को और तीव्र किया जाएगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकासपुरी स्थित दशहरा मैदान में जनसभा और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासपुरी का विशेष दौरा किया।

इस अवसर पर विकासपुरी स्थित दशहरा मैदान में विशाल जनसभा और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता से संवाद किया और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में पिछले 365 दिनों की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह एक वर्ष 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' को समर्पित रहा है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी क्षेत्रों में किए गए सुधारों को सरकार की सबसे बड़ी पूंजी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार की सफलता का आधार उसके अंतिम छोर पर खड़ा कार्यकर्ता होता है। पश्चिमी दिल्ली के हमारे कार्यकर्ताओं ने जिस प्रतिबद्धता के साथ सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है, वह अद्वितीय है। यह एक वर्ष की सफलता सरकार की नहीं, बल्कि आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

### खबर संक्षेप

#### मेट्रो के आगे कूद कर व्यक्ति ने दी जान

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर पूर्व स्टेशन पर 45 वर्षीय व्यक्ति ने मंगलवार को मेट्रो ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। मृतक की पहचान राजस्थान के महाराज के तौर पर हुई है। वह घरों में रंगाई-पुताई का काम करता था और अपने रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने के लिए दिल्ली आया था। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार स्टेशन नियंत्रक से पूर्वाह्न 10 बजकर 12 मिनट पर सूचना मिली की एक व्यक्ति मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूद गया। मेट्रो डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि यह घटना सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर उस समय हुई, जब शख्स प्लेटफॉर्म से पटरियों पर कूद गया और ट्रेन की चपेट में आ गया।

#### एमसीडी स्कूल में मिला चौकीदार का शव

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके में एक एमसीडी प्राथमिक विद्यालय के गार्ड कक्ष से 58 वर्षीय चौकीदार का जला हुआ शव मंगलवार को बरामद हुआ। मृतक की पहचान नरेश कुमार के रूप में हुई है। वह हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था। डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि नरेश की सेवानिवृत्ति 2027 में होनी थी। स्कूल कर्मचारियों को सुबह करीब 7.45 बजे घटना का पता चला और उन्होंने अधिकारियों को सूचना दी। कुमार की ड्यूटी दोपहर एक बजे से शुरू होती थी और वह गार्ड रूम में ही रहता था। पुलिस ने बताया कि शव पूरी तरह से जला हुआ मिला। पुलिस ने साथ ही यह भी कहा कि आग केवल गार्ड कक्ष में लगी थी और आग लगने का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, स्कूल परिसर में आग लगने की सूचना सुबह करीब आठ बजे मिली, जिसके बाद एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया।

## उपराज्यपाल से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एआई समिट मामले में एलजी को सौंपा ज्ञापन

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन की मौजूदगी में दिल्ली कांग्रेस का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से लोक निवास में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा और एआई समिट के दौरान हिरासत में लिए गए युवाओं पर कानून के दायरे में संयम और समानता की मांग की। इस दौरान कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और भाजपा सरकार द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पूरी तरह से असंवैधानिक और लोकतंत्र की हत्या है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि विपक्ष को शांतिपूर्वक अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा एक पूर्ण तानाशाह की तरह काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार, पूर्व सीएलपी नेता हारुन युसूफ, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, डॉ नरेन्द्र नाथ सहित पूर्व विधायक और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज आदि वरिष्ठ नेता प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

### क्रिकेट खेलने के दौरान हुए झगड़े में 15 साल के लड़के की मौत

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में क्रिकेट खेलने के दौरान तीन नाबालिगों में झगड़ा हुआ। इसमें एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। इस बाबत तिलक नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने सभी तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है। मामले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। पुलिस के अनुसार स्थानीय पार्क में क्रिकेट खेलने के दौरान 12 और 15 वर्षीय किशोरों के बीच बहस हुई। दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया जहां उसने अपने 17 और 12 वर्षीय रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तीनों किशोर पीड़ित की तलाश में निकल पड़े। सोमवार शाम सात बजकर करीब 22 मिनट पर उन्हें 15 वर्षीय लड़का मिल गया और उनके बीच मारपीट हुई, जिसमें पीड़ित के गले और सिर पर चोटें आई और वह बेहोश हो गया। स्थानीय लोग और परिवार के सदस्य उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले गए जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के तीन भाई हैं। उसके पिता की इलाके में ही चाय की दुकान है।

### छह वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शुरू जल्द सीपीसीबी नेटवर्क से जुड़ेंगे: सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली में छह नए सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शुरू कर दिए हैं और एक सप्ताह के भीतर इन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों के शुरू होने के बाद दिल्ली में ऐसे स्टेशनों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जो देश में सबसे ज्यादा है। ये स्टेशन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), इसरो अर्थ स्टेशन (मलचा महल, सेंट्रल रिज के पास), दिल्ली कैंट, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (वेस्ट कैंपस) में लगाए गए हैं। इन सभी स्थानों से अब दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की वेबसाइट पर लाइव डेटा देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इन स्टेशनों के प्रदर्शन पर लगातार नजर रखे हुए हैं और एक हफ्ते के भीतर इनका पूरा डेटा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। सिरसा ने कहा कि ये नए स्टेशन प्रदूषण के खिलाफ डेटा आधारित कार्रवाई को मजबूत करते हैं। लाइव डेटा से तुरंत और सही कदम उठाए जा सकते हैं। सीपीसीबी से जुड़ने के बाद पूरे शहर की एकसाथ जानकारी मिलेगी, जो साफ हवा के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगी। इन स्टेशनों से अलग-अलग इलाकों में प्रदूषण के स्तर की जानकारी मिलेगी, जिससे पर्यावरण की बेहतर योजना बनाने में मदद होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एक साल के अपने कार्यकाल की गिनाईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- गुप्ता ने सौर ऊर्जा विस्तार, हरित क्षेत्र में वृद्धि, 'सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार', तकनीक-सक्षम पुस्तकालय और यूथ लीडरशिप प्रोग्राम की घोषणा की

पिछले एक साल में दिल्ली विधानसभा ने आधुनिकता, पारदर्शिता और जन-केंद्रित शासन के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कार्यकाल के एक वर्ष के पूरा होने पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र ने कहा कि 24 फरवरी 2025 को उन्होंने पदभार ग्रहण किया था। विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि विधानसभा ने 'नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन' (नेवा) के कार्यान्वयन के माध्यम से पूरी तरह से पेपरलेस होकर डिजिटल युग में एक लंबी छलांग लगाई है। 4 अगस्त 2025 को आयोजित पहला पूर्ण डिजिटल सत्र एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि 500 किलोवाट की छत पर सौर ऊर्जा परियोजना के चालू होने के साथ, यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने वाली देश की पहली विधायिका बन गई है। इस पहल ने न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम किया है, बल्कि सार्वजनिक खजाने के लिए अनुमानित 1.75 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत भी सुनिश्चित की है। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा ने सरकारी विभागों में ऑडिट टिप्पणियों और 'कार्रवाई रिपोर्ट' की वास्तविक समय में निगरानी सक्षम करने के लिए एपीएमएस पोर्टल को सख्ती से लागू किया। इसके अलावा, विधायकों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के उद्देश्य से ' नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स' (एनएलआई) के प्रस्ताव को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिला है। संसदीय गरिमा को और अधिक बनाए रखने और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए, विधानसभा सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार भी शुरू कर रही है, जिसके विस्तृत नियम आगामी बजट के दौरान रखे जाने की उम्मीद है।

## पुल प्रह्लादपुर थाने में बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस ने चिकित्सीय जटिलताओं के कारण मौत की बात कहीं
- परिवार का पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप

दक्षिण-पूर्व जिले के पुल प्रह्लादपुर थाने में एक 62 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। संपत्ति के पुराने विवाद में भाई से हुये झगड़े के बाद पुलिस बुजुर्ग को थाने लेकर गई थी। पुलिस ने किसी भी तरह की प्रताड़ना के आरोपों को खारिज किया है और चिकित्सीय जटिलताओं के कारण मौत की बात कहीं है। मृतक का नाम मित्तल कॉलोनी निवासी शमशेर सिंह बताया गया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार अपराह्न करीब तीन बजे झगड़े के संबंध में पांच पीसीआर कॉल हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और एक ही परिवार के दो समूहों को आपस में झगड़ा करते पाया। झगड़ा दो भाईयों शमशेर सिंह और अर्जुन सिंह के बीच संपत्ति को लेकर था। दोनों पक्षों के लोगों को अलग-अलग वाहनों में थाने ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाने में भी शमशेर सिंह अपने भाई और भतीजों पर चिल्लाता रहा। हालांकि, कुछ समय बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी और वह लेट गए। उनकी हालत बिगड़ती देख पुलिस उन्हें तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर ले गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### मॉल में कार के अंदर मृत मिला व्यक्ति

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित एक मॉल की पार्किंग में कार के भीतर 42 वर्षीय व्यक्ति मृत पाया गया। पुलिस को सोमवार शाम करीब छह बजे घटना की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस टीम को स्टार सिटी मॉल भेजा गया। कार के अंदर एक व्यक्ति अचेत मिला। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक व्यक्ति की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है और उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। पुलिस के अनुसार, पार्किंग स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई जिसमें किसी भी संदिग्ध गतिविधि या किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता नजर नहीं आई है। अब तक देखे गए फुटेज में कुमार की ओर से कोई हलचल नहीं दिखाई दी है। उनके पास से अस्थमा की कुछ दवाएं मिली हैं। परिस्थितियां, प्रथम दृष्टया प्राकृतिक मृत्यु की ओर इशारा करती हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

### नाबालिग बच्चों से चोरी करवाने वाला पिता अरेस्ट

नई दिल्ली। जामा मस्जिद के पास बाजार में एक विदेशी नागरिक के 7200 डॉलर अपने नाबालिग बच्चों से चोरी करवाने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। विदेशी अपनी बेटी के कैंसर के इलाज के लिये भारत आई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने बच्चों को भीड़भाड़ वाले बाजारों में भेजता था ताकि वे विदेशी पर्यटकों और खरीदारों के बैग से नकदी और कीमती सामान की पहचान कर उन्हें चुरा लें। पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार एक मामला 15 जनवरी को जामा मस्जिद थाने में दर्ज हुआ था। शिकायत उज्बेकिस्तान के एक नागरिक की थी, जो अपनी नाबालिग बेटी के गुरुग्राम में कैंसर के ऑपरेशन के लिए भारत आया था। वह अपने परिवार के साथ जामा मस्जिद के पास बाजार घूमने और खरीदारी करने गया था। उसके बैग में 7200 अमेरिकी डॉलर थे जो भीड़ के बीच चोरी कर लिए गए। केस की जांच के लिये एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने बाजार के अंदर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया। न्यू सीलमपुर निवासी और आपस में भाई दो लड़कों की पहचान की गई जिनकी उम्र 15 और 13 वर्ष थी। बाद में उन्हें पकड़ लिया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वे अपने पिता के कहने पर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। बाद में नाबालिग आरोपियों के पिता को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिता से 2,500 अमेरिकी डॉलर और शिकायतकर्ता का एटीएम कार्ड बरामद किया गया, जबकि उसके घर से 4,000 अमेरिकी डॉलर बरामद हुए। चोरी की रकम से खरीदा गया 48,000 रुपये का एक मोबाइल फोन और 4,700 रुपये की भारतीय मुद्रा भी जब्त की गई। रिकॉर्ड की जांच से पता चला कि पिता 2013 में लूट के एक मामले में भी शामिल था। नाबालिग भी पहले के चोरी के मामलों में शामिल पाए गए।

### एआई सम्मेलन प्रदर्शन: पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह भारत मंडपम में 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में अब तक कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। केस में नई गिरफ्तारी आईवाईसी के अध्यक्ष उदय भानु चिब की हुई।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 (जानबूझकर उकसाना) जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में आरोपियों को 'आक्रामक तत्व' करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्वनियोजित कोशिश देखी गई। उन्होंने कहा, आक्रामक तत्वों को तुरंत काबू में कर लिया गया। उन्हें काबू में करते समय, ड्यूटी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई थी। श्रीवास्तव ने कहा कि जांच के दौरान, कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कई व्यक्तियों को देखा गया। कई अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का भी पता चला है, जो इस कृत्य को अंजाम देने में आक्रामक तत्वों की कथित तौर पर विभिन्न तरीकों से सहायता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाया जा रहा है और छापेमारी की जा रही है।

### इस प्लांट से बागवानी कचरे को प्रोसेस कर खाद में बदला जाएगा

# दिल्ली में पहला ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट शुरू : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में पहला ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट मंगलवार से शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन मंगलवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया। इस प्लांट में सड़कों के किनारे उत्पन्न होने वाले बागवानी कचरे को प्रोसेस कर खाद में बदला जाएगा और उसे दोबारा हरित कार्यों में उपयोग किया जाएगा।

मंत्री प्रवेश ने कहा यह पहल दिल्ली भर के आरडब्ल्यूए, स्कूलों और स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही चिंता का समाधान भी है। पहले जब भी तूफान, छंटाई या रखरखाव के कारण पेड़ों की टहनियां, झाड़ियां या हरित कचरा गिरता था, तो वह कई दिनों तक सड़कों के किनारे या खाली जगहों पर पड़ा रहता था। इससे सड़ांध, दुर्गंध और आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए और स्कूल लगातार एक व्यवस्थित तंत्र की मांग कर रहे थे, क्योंकि यह कचरा कई जगह सड़ता रहता था। अब हमने इसका स्थायी समाधान तैयार कर दिया है। उन्होंने बताया कि हजारों किलोमीटर सड़कों पर बड़े स्तर पर बागवानी कार्य होने के बावजूद विभाग के पास वर्षों तक ऐसा एक भी प्लांट नहीं था।

पहली बार हमारी सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है। अब कचरे को फेंका नहीं जाएगा, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस कर खाद बनाई जाएगी, जिसका उपयोग फिर हरित कार्यों में होगा। इस पहल के तहत अभी छह ग्रीन वेस्ट प्लांट तैयार किए गए हैं, जबकि अगले चरण में छह और बनाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि भविष्य में हर जिले में कम से कम एक ऐसा प्लांट स्थापित किया जाए, ताकि कचरे का स्थानीय स्तर पर ही कुशल प्रबंधन हो सके। इन प्लांटों में तैयार होने वाली खाद का उपयोग केंद्रीय वर्ज, सड़क किनारे पौधारोपण और पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले उद्यानों के रखरखाव में किया जाएगा। यह व्यवस्था न केवल कचरे के अनियंत्रित निस्तारण को रोकेगी, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता सुधारेगी और दिल्ली की सड़कों को अधिक हरित और आकर्षक बनाएगी। मंत्री प्रवेश ने इसे पर्यावरण के अनुकूल सुधार बताते हुए कहा कि यह पहल टिकाऊ बुनियादी ढांचे और बेहतर शहरी प्रबंधन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली दिल्ली को स्वच्छ, हरित और अधिक सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## नमो भारत कॉरिडोर पर उमड़ा सैलाब, बेगमपुल बना सबसे व्यस्त स्टेशन

# यात्रियों की बेमिसाल भीड़ ने नया इतिहास रच दिया, आनंद विहार व गाज़ियाबाद स्टेशनों में दर्ज की गई रिकॉर्ड राइडरशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के शेष खंडों और और मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के बाद, पहले एक पूरे दिन के ऑपरेशन के दौरान, नेटवर्क के मुख्य स्टेशनों पर यात्रियों की अभूतपूर्व संख्या देखी गई। बेगमपुल कॉरिडोर का सबसे व्यस्त स्टेशन रहा, जहां यात्रियों की सबसे अधिक संख्या रिकॉर्ड की गई। आनंद विहार और गाज़ियाबाद ने भी व्यस्ततम स्टेशनों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। पूरे कॉरिडोर पर कुल राइडरशिप 1 लाख से अधिक रही, जो इस कॉरिडोर पर एक दिन में रिकॉर्ड की गई अब तक की सबसे अधिक राइडरशिप है। अब तक कॉरिडोर पर दैनिक औसत राइडरशिप लगभग 60,000 दर्ज की जा रही थी, यह उसमें लगभग 70 परसेंट की बढ़ोतरी बताता है।

बेगमपुल, जहां यात्रियों की सबसे अधिक संख्या रिकॉर्ड की गई। आनंद विहार और गाज़ियाबाद ने भी व्यस्ततम स्टेशनों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।



फाइल फोटो

### कॉरिडोर पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी

एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि 23 फरवरी को सोमवार होने के कारण, कॉरिडोर पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेरठ शहर के केंद्र में स्थित भूमिगत, बेगमपुल स्टेशन कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक है जहाँ दिन भर चहल-पहल देखी गई। चुँकि इसकी लोकेशन शहर के आबू लेन मार्केट और बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के ठीक बीच में है और यह नमो भारत और मेरठ मेट्रो दोनों सेवाएं प्रदान करता है, उद्घाटन के साथ ही यह स्टेशन शहर के पसंदीदा मोबिलिटी हब में परिवर्तित हो गया।

कॉरिडोर पर सबसे बड़े मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट हब, आनंद विहार स्टेशन ने दूसरी सबसे ज़्यादा राइडरशिप दर्ज की। यह स्टेशन छह परिवहन साधनों, आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की पिंक और ब्लू लाइन, स्वामी विवेकानंद आईएसबीटी, कौशांबी स्थित यूपीएसआरटीसी बस स्टैंड और सिटी बस स्टैंड के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। गाज़ियाबाद पर भी यात्रियों की संख्या अधिक रही, जो कॉरिडोर पर इसके महत्व व राजधानी दिल्ली तथा मेरठ के बीच एक द्वार के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत वैन

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 100 दिन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के



अंतर्गत शक्ति वाहिनी के सहयोग से मोबाइल जागरूकता वैन को जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-12 से रवाना किया गया। वैन को माननीय रीतू यादव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव, डीएलएसए फरीदाबाद ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की।

### हिन्दू सम्मेलन:सनातन समाज की एकता पर जोर

**बल्लभगढ़।** विशाल हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर संगठित हिन्दू,



समर्थ भारत ध्येय वाक्य के साथ हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया। सेक्टर-65 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित भव्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि रामानुजाचार्य देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व में श्रेष्ठ है, परंतु आंतरिक विभाजन समाज को कमजोर करता है।

### ट्रेन में भोजन की प्लास्टिक पैकिंग पर चर्चा

**गाजियाबाद।** भारतीय रेलवे में यात्रियों को परोसे जा रहे भोजन की पैकिंग को लेकर इन दिनों सोशल



मीडिया पर तीखी बहस छिड़ी हुई है। एक वायरल वीडियो में देखा गया कि यात्रियों को दी जा रही रोटियां साधारण पॉलिथीन में पैक कर परोसी जा रही हैं। वीडियो के सामने आते ही यात्रियों, सामाजिक संगठनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

### ज्वेलरी शॉप पर सोने के कड़े ले उड़ी महिला

**फरीदाबाद।** शहर के मेन बाजार में महिला चोरों का सक्रिय गिरोह लोगों और दुकानदारों के लिए चिंता



का विषय बना है। ताजा मामला एक आभूषण की दुकान से जुड़ा है, जहां भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला दो सोने के कड़े चोरी कर फरार हो गईं। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, महिला अपने एक पुरुष साथी के साथ बिना नंबर की स्कूटी पर दुकान पर पहुंची थी।

### मंडोर एक्सप्रेस के आगे छलांग लगाकर दी जान

**गुरुग्राम।** रेवाड़ी-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर बसई ओवरब्रिज के पास एक युवक ने मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन के



आगे छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है।दरअसल, रेवाड़ी-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे बसई ओवरब्रिज के पास से मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी।

## बोर्ड परीक्षाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीसी आयुष सिन्हा

# मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूरी तरह प्रतिबंध, फ्लाइंग स्क्वॉड रहेंगे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

*डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला में कुल 80 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, डीईओ एवं विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सभी को सतत निगरानी निर्देश दिए।*

डीसी आयुष सिन्हा ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कुल 80 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए:** डीसी ने बताया कि जिला में कुल 80 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा केंद्र अधीक्षकों, डीईओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सभी को जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण करते हुए कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संबंधित एसडीएम नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

▶▶ परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

▶▶ कड़ी निगरानी रखने के निर्देश



### परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

सिन्हा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तथा किसी भी प्रकार की अनधिकृत एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थियों एवं ड्यूटी स्टाफ की प्रवेश से पूर्व विधिवत जांच की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने और परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बताया कि परीक्षा के दौरान उड़न दस्ता आकस्मिक निरीक्षण कर नकल या अन्य अनुचित गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। डीसी ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं संबंधित अधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए सभी मिलकर परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएं।

### बोर्ड परीक्षाओं से पहले फरीदाबाद में धारा-163 लागू

बोर्ड परीक्षाओं को नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। डीसी एवं जिलाधीश आयुष सिन्हा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत विशेष आदेश जारी कर दिए हैं, जो 25 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी (रेगुलर/री-अपीयर/एजुकेशनल) तथा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होकर 1 अप्रैल तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक होंगी।

## आज विधानसभा का करेंगे घेराव हुड्डा

# राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की 1 सीट लगभग पक्की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा राज्यसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि राज्य से एक सीट कांग्रेस के खाते में आना तय है। फरीदाबाद पहुंचे हुड्डा यहां पूर्व विधायक आनंद कौशिक को श्रद्धांजलि देने आए थे। इसके बाद उन्होंने एक कांग्रेस कार्यकर्ता के कार्यालय पर मीडिया से बातचीत की। हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा के लिए उम्मीदवार का अंतिम निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा और संगठन जो भी फैसला करेगा, वह सभी को मान्य होगा। कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी।

**भाजपा सरकार पर मुद्दों को लेकर निशाना साधा:** इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने घोषणा की कि 25 तारीख को चंडीगढ़ में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उनका आरोप है कि सरकार मनरेगा योजना को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे ग्रामीण और मजदूर वर्ग प्रभावित होगा। मनरेगा लाखों गरीब परिवारों के लिए रोजगार का अहम साधन है।

### 14 लाख लोगों के राशन कार्ड काट दिए

हुड्डा ने दावा किया कि प्रदेश में करीब 14 लाख लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं, जिससे गरीब परिवार सस्ते अनाज की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने हाल ही में सामने आए 590 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हरियाणा बजट पर कहा कि बजट पेश होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि सरकार जनता को क्या राहत देती है।

## कमरे में पंखे से लटका मिला शव

# ओल्ड फरीदाबाद में युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ओल्ड फरीदाबाद के संत नगर कॉलोनी में सोमवार देर शाम 22 वर्षीय युवती ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका शिवानी अपने पिता के साथ किराए के मकान में रहती थी। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रायबरेली का निवासी बताया जा रहा है। शिवानी एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। वह प्रतिदिन सुबह करीब 9 बजे काम पर जाती और शाम लगभग 6 बजे घर लौटती थी। उसके पिता भी एक कंपनी में नौकरी करते हैं और सुबह करीब 6:30 बजे घर से निकल जाते हैं।

पड़ोसी विजय के अनुसार, शाम करीब 6 बजे गली में किसी व्यक्ति का फोन आया कि शिवानी ने फांसी लगा ली है। जब वह घर पहुंचे तो पुलिस मौके पर मौजूद थी और कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास कर रही थी। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद जब दरवाजा तोड़ा गया तो युवती चुन्नी के सहारे पंखे से लटकी हुई मिली। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं।

## बैठक में नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा

# मेडिकल स्टोर्स का मासिक निरीक्षण को अनिवार्य किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित एन्कोर्ड बैठक में जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, औषधि नियंत्रण विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स का मासिक निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए तथा जिन मामलों की जांच लंबित है, उन्हें 30 दिनों के भीतर पूरा किया जाए। अब तक किए गए निरीक्षणों का नाम व स्थिति सहित विस्तृत विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। अवैध रूप से संचालित एक वेलनेस/रिडक्शन सेंटर के मामले में एसडीएम, एसीपी और स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर सप्ताहांत तक स्थल निरीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने स्कूलों, कॉलेजों, खेल परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान तेज करने को कहा।

## कालका स्टील अग्निकांड

# मृतक आश्रितों को 1 करोड़ मुआवजा नौकरी व शहीद का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

16 फरवरी को कालका स्टील कंपनी में हुए भीषण अग्निकांड और विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। हादसे में दो अग्निशमन कर्मी, एक पुलिस कर्मचारी, कंपनी मालिक का बेटा और दो मजदूरों की जान गई। घटना को लेकर कर्मचारियों और मजदूर संगठनों में भारी आक्रोश है।

**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

मंगलवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने डीसी ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी आयुष सिन्हा से मुलाकात कर मृतक आश्रितों को एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी, शहीद का दर्जा और घायलों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग रखी।



### 8 अप्रैल से फायर ब्रिगेड कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे

राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने दो टूक कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने घोषणा की कि 1 मार्च को सभी फायर स्टेशनों पर शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यदि 7 अप्रैल तक समाधान नहीं हुआ तो 8 अप्रैल से फायर ब्रिगेड कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। सभा में नेताओं ने आरोप लगाया कि कंपनी में सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की गई थी और ज्वलनशील केमिकल ड्रम खुले में रखे गए थे। उन्होंने सरकार और संबंधित विभागों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

# मृतिका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पाली नवादा क्षेत्र की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान मुस्कान के रूप में हुई है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मृतका के पिता बंटी गौतम ने बताया कि उनकी दो बेटियों की शादी उन्होंने कोविड-19 के लिए लगे पहले लॉकडाउन में की थी। बड़ी बेटी अंजलि की शादी एक नंबर इलाके में विष्णु नामक युवक से हुई थी, जबकि छोटी बेटी मुस्कान की शादी विष्णु के छोटे भाई साहिल से कराई गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही दोनों बेटियों को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ति किया जाता था। बड़ी बेटी का अक्सर विवाद होता था, जिसके कारण वह ढ़ाई साल से गांव



में आकर रहने लगी थी। छोटी बेटी मुस्कान अपने घर को बसाने की कोशिश में लगी रही।

**इंसाफ की मांग कर रहे परिजन :**बंटी गौतम के अनुसार, मुस्कान की एक बेटी हुई थी, जिसकी छह माह की उम्र में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से उस पर कथित रूप से और अधिक दबाव बनाया जाने लगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्कान का पति साहिल और जेठ नशा करता था और इन दोनों सहित परिवार के अन्य सदस्य उसे मारते-पीटते थे। परिजनों का कहना है कि बुधवार शाम करीब 3 बजे उन्हें फोन आया कि मुस्कान को एस्कॉर्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वे अस्पताल पहुंचे तो वहां कोई मौजूद नहीं था और उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। बाद में शव को बीके अस्पताल लाया गया। पिता ने आरोप लगाया कि विष्णु, साहिल, जुगनू और ताया-सास सहित अन्य लोगों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शाम को सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो चुकी है। परिजन इंसाफ की मांग कर रहे हैं और सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल शिकायत के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निपटान व सुरक्षा मानकों पर सख्ती

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में निगम के परिचालन व प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी आयुष सिन्हा भी उपस्थित रहे। राजस्व सुधार, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं की गुणवत्ता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में बिलिंग दक्षता, एटी एंड सी हानियां, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन लॉस, बकाया राशि की वसूली, डिस्कनेक्ट उपभोक्ताओं से रिकवरी, बिजली चोरी रोकने के लक्ष्य, फीडरवार हानियां तथा लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि राजस्व संग्रह में सुधार और लाइन हानियों को कम करने के लिए सर्कल स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने मेरा गांव जगमग गांव योजना के तहत 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति, एचईआरसी निर्देशों के अनुपालन, मीटर बॉक्स की सही स्थापना और असुरक्षित लाइनों के सुधार पर भी सख्ती बरतने को कहा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आबिद उर्फ सोना, पुत्रः सलीम खान, निवासीः डी–594, शहीद सुखदेव नगर, डब्ल्यूपीआईए, अशोक विहार, दिल्ली** ने **FIR No.: 605/25, Dated: 26/10/2025 U/s: 124(1)/217/231/61(2)** भारतीय न्याय संहिता–2023, **पुलिस थाना भारत नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आबिद उर्फ सोना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आबिद उर्फ सोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना भारत नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **आबिद उर्फ सोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल
एसीजेएम, उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर 101,
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2339/NW/2026



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 7 मार्च 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि ये बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली – शास्त्री नगर | |
| 388857000053 | नवीन कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली –कृष्ण नगर | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 102462003446 | दीपक कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दिलशाद गार्डन | |
| 113305002600 | साहिल गुप्ता |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – गांधी नगर | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 112605002936 | संजय जैन |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | |
| 732505000675 | गुफरान आलम |

दिनांक : 25.02.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ-ईस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### पटना में नितिन नवीन और अमित शाह आ रहे



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की मां को श्रद्धांजलि देने दरभंगा पहुंचे। 13 फरवरी को उनका निधन हो गया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिनों के दौरे पर बुधवार को बिहार आ रहे हैं। सीमांचल और अन्य जिलों में घुसपैठियों की रोक पर सुरक्षा बलों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। घुसपैठ पर बड़ी रणनीति बनाई जा रही है।

### धर्मांतरण कराने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने धर्मांतरण कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम जोसे थामस है जो मूल रूप से पटना निवासी है और अस्थाई रूप से केरल प्रांत में भी रहता था। सोमवार को सुबह 7:5 बजे सिकंदरपुर कस्बे से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थामस लोगों को पैसे, नौकरी और अन्य प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था।

### सड़कों पर लिखे जा रहे थानेदार-दरोगा के नंबर



**गोरखपुर।** शहर में ट्रैफिक समस्या व जाम से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। अब केवल यातायात पुलिस ही नहीं, बल्कि सिविल पुलिस भी जाम खुलवाने की जिम्मेदारी निभाएगी। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों पर संबंधित चौकी इंचार्ज और थानेदारों के नाम व मोबाइल नंबर लिखवा दिए गए हैं।

धनबाद में 2 तथा पलामू, लातेहार एवं गढ़वा में 1-1 कुल 5 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय

# झारखंड में 1.58 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश सौ नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की बात

झारखंड में पेश बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बुनियादी ढांचा और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी कई घोषणाएं की हैं। शहीदों के आश्रितों के लिए एक आदर्श स्कूल की स्थापना की जाएगी।

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपए का 'अबुआ दिशोम बजट' पेश किया। इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार का समावेशी, सतत और जनकल्याणकारी विकास पर केंद्रित बजट बताया गया है। प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ये बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट राज्य के गरीबों के आंसू पोंछने और हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



#### बजट में विकास दर को लेकर अनुमान

वर्ष 2022-23 में विकास दर 7.2 प्रतिशत (स्थिर मूल्य) रही, जो 2023-24 में बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई. वर्ष 2024-25 में यह 7.02 प्रतिशत रही, जबकि 2025-26 में इसके 7.72 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास दर 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर 6.90 प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर 10.03 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। साल 2021-22 में राज्य का ऋण-जीएसडीपी अनुपात 30.2 प्रतिशत था, जो 2022-23 में घटकर 28.4 प्रतिशत, 2023-24 में 27.7 प्रतिशत और 2024-25 में 25.3 प्रतिशत पर आ गया. वर्ष 2025-26 और 2026-27 में इसके लगभग 25 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने का अनुमान है।

#### केंद्र सरकार पर आर्थिक सहयोग में कमी

पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार ने 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इस बार बजट का आकार लगभग नौ प्रतिशत बढ़ाया गया है। वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार पर आर्थिक सहयोग में कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर हिस्सेदारी और अनुदान मद में करीब 16,000 करोड़ रुपए कम प्राप्त हुए हैं, जिसमें लगभग 5,000 करोड़ रुपए टैक्स शेयर और 11,000 करोड़ रुपए अनुदान शामिल हैं। जीएसटी दर युक्तिकरण से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 4,000 करोड़ रुपए की क्षति हो रही है। मनरेगा में 60:40 अनुपात लागू होने से राज्य पर 5,640 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। कोल कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया होने का भी उन्होंने जिक्र किया।

सिंगापुर में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# यूपी को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के एमओयू हुए

यूपी को मिले एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिला है। समें करीब 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर एमओयू भी हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें मंगलवार को सिंगापुर में पत्रकारों से बातचीत में कहीं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सिंगापुर में दो दिन में विभिन्न थिंकटैंक कंपनियों से संवाद के बाद यूपी में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसमें करीब 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर एमओयू भी हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बात मंगलवार को सिंगापुर में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि सिंगापुर में सुबह 8.30 बजे से शुरू हुई मीटिंग देर रात तक चलती रहीं। मंगलवार को भी सुबह से ही बैठकों के दौर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में समग्र विकास के जिन क्षेत्र में प्रगति की है, विकास की उन्हीं संभावनाओं को यूपी में स्थापित करने के लिए नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर, वेलफेयर और लाजिस्टिक, सर्विस सेक्टर में काफी अच्छी प्रगति की है।

**भारत और यूपी की छवि दुनिया में सकारात्मक रूप से देखी जा रही :** उन्होंने कहा कि भारत और प्रदेश की छवि आज दुनिया में सकारात्मक रूप से देखी जा रही है। इस दौरान सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के साथ अच्छी सकारात्मक बात हुई है। थिंक टैंक कंपनियों जैसे जीआईसी, कमासे, यूएसजी, सैट्स, ब्लैक स्टोन के चेयरमैन और सीईओ के साथ बैठकें हुई हैं।



#### सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिले सीएम

अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री के. शनमुगम से मुलाकात की। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में हुई चर्चाओं का केंद्र यूपी में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

#### संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सिंगापुर सहयोग देने को तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में भी सिंगापुर की कुछ कंपनियों ने पहले से ही निवेश किया है। उन्होंने कहा कि यूपी की छवि के बारे में 360 डिग्री का अंतर आया है। हम लोग उन क्षेत्रों में भी गए हैं, जहां जाना आसान नहीं है। नोएडा में जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कारगो और एमआरओ विकसित करने के लिए जो कार्य होना है, सिंगापुर को उसमें दक्षता प्राप्त है। यहां की कारगो और एमआरओ को हमने देखा है। सभी को अच्छा लगा है। यूपी के साथ संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपना सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

वित्त मंत्री बोले- बिहार का खजाना खाली नहीं

# होली से पहले कर्मचारियों के खाते में आएगी सैलरी

**आरजेडी समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता आरोप लगा रहे थे**

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के सरकारी कर्मचारियों को फरवरी महीने की सैलरी होली से पहले ही खाते में मिल जाएगी। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को विधान परिषद में यह घोषणा की।

उन्होंने बिहार का खजाना खाली होने के आरोप को भी पूरी तरह खारिज कर दिया। दरअसल, राष्ट्रीय जनता दल समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता आरोप लगा रहे हैं कि बिहार का सरकारी खजाना खाली है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा था कि आने समय में सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं होंगे। कोशिश करेंगे कि फरवरी में विरोधी दल का तनख्वाह नहीं मिले।

विधान परिषद के बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को दूसरी पाली में बिहार विनियोग विधेयक (संख्या 2) 2026 पर चर्चा हुई। विनियोग विधेयक सदन से पारित कर दिया गया। इस विधेयक पर बोलते हुए वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा, "विपक्ष के जो लोग कह रहे हैं कि खजाना खाली है, तो सरकार ने निर्णय लिया है कि फरवरी महीने का वेतन होली से पहले ही दे दिया जाएगा।

उन्होंने विपक्षी सदस्यों की चुटकी लेते हुए यह भी कहा, "हम कोशिश करेंगे कि फरवरी में विरोधी दल का तनख्वाह नहीं मिले। वित्त मंत्री की इस बात पर सत्ता पक्ष के सदस्य ठहाके लगाने लगे।

दरअसल, आरजेडी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा था कि बीते 21 साल से जनता ने एनडीए सरकार को मौका दिया। इस दौरान बिहार सबसे गरीब और बेरोजगार राज्य बन गया।

### कक्षा 9 और 10 विद्यार्थियों की बढ़ी छात्रवृत्ति

*लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं शुल्क भरपाई के लिए अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये सालाना कर दी गई है। साथ ही कक्षा-9 व 10 के पिछड़े वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये किए जाने की भी घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह होने जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति वितरण वित्त वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को होता था, लेकिन योगी सरकार में 25 सितंबर से ही छात्रवृत्ति वितरण प्रारंभ कर दिया।*

## पेज एक का शेष....

### केरल राज्य का नाम...

7,500 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकती है। पहले यह सीमा 5,000 करोड़ रुपये थी। हालांकि, सीसीईए ने कंपनी की कुल संपत्ति के 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा बरकरार रखी गई है।

### राज्यसभा की 37 सीटों...

रस्साकसी चल रही है। छत्तीसगढ़ से बिहार की रंजीत रंजन और यूपी के राजीव शुक्ला पहले से राज्यसभा पहुंच चुके हैं। इस बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस की पूर्व प्रभारी और हरियाणा की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने जोर लगाया हुआ है। जबकि सूबे के कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी शीर्ष नेतृत्व के समक्ष गोटियां सजाई हैं। जबकि भाजपा से सबसे प्रबल दावेदार के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव रहीं सरोज पांडेय का नाम आगे है।

**असम और हरियाणा में संतुलन राजग के पक्ष में:** असम में 86 विधायकों के समर्थन के साथ राजग तीन में से दो सीटें जीत सकता है। विपक्षी खेमे के पास 39 विधायक हैं, जो आवश्यक संख्या से तीन कम हैं, जिससे तीसरी सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। हरियाणा में भी राजग के पास 50 विधायक हैं, जबकि एक सीट के लिए 45 का आंकड़ा जरूरी है। विपक्ष 37 विधायकों के साथ आठ कम है, जिससे यहां भी एक सीट पर राजग की स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

**ओडिशा, तमिलनाडु और बंगाल में चुनौती :** ओडिशा में भाजपा और उसके सहयोगियों के पास लगभग 80 विधायक हैं, जबकि विपक्ष के पास 65 के आसपास। यहां चार सीटों में से दो-दो सीटें दोनों खेमों में बंटने की संभावना है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां विपक्षी दलों का प्रभाव अधिक है, राजग को सीमित सफलता मिलने का अनुमान है। इन राज्यों में एक-एक सीट पर कड़ा मुकाबला संभव है।

**राजनीतिक समीकरण और सहयोगियों की भूमिका :** सूत्रों का कहना है कि जहां सीटों का बंटवारा 2:2 के अनुपात में संभावित है, वहां शेष सीट के लिए राजनीतिक समझदारी और सहयोगी दलों के बीच तालमेल निर्णायक होगा। बिहार जैसे राज्यों में राजग की सहयोगी पार्टियां -जैसे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा भी दावेदारी जता रही है। महाराष्ट्र में अजित पवार की मृत्यु के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों और शरद पवार के प्रभाव को देखते हुए चुनाव रोचक हो सकता है।

**राज्यवार स्थिति:** महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से कुल 37 प्रत्याशी जीतकर राज्यसभा पहुंचेंगे। शामिल हैं।

**महाराष्ट्र (7 सीटें):** एनडीए को 6 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि 1 सीट विपक्ष के खाते में जा सकती है।

**ओडिशा (4 सीटें):** यहां मुकाबला कड़ा है; दो सीटें राजग और दो विपक्ष के हिस्से में जा सकती हैं।

**तमिलनाडु (6 सीटें):** 2 सीटें राजग और 4 सीटें विपक्ष को मिल सकती हैं।

**पश्चिम बंगाल (5 सीटें):** 1 सीट राजग और 4 सीटें विपक्ष के खाते में जाने का अनुमान।

**असम (3 सीटें):** राजग दो सीटें जीत सकता है, एक सीट पर मुकाबला रोचक है।

**बिहार (5 सीटें):** 4 सीटें राजग और 1 सीट विपक्ष को मिल सकती है।

**छत्तीसगढ़ (2 सीटें):** 1-1 सीट दोनों पक्षों में बंटने की संभावना।

**हरियाणा (2 सीटें):** 1 सीट NDA और 1 सीट विपक्ष को।

**हिमाचल प्रदेश (1 सीट):** यह सीट विपक्ष के खाते में जाने की संभावना जताई जा रही है।

**तेलंगाना (2 सीटें):** एक-एक सीट दोनों खेमों को मिल सकती है।

### महाराष्ट्र और बिहार ...

इस बार मौका मिल सकता है। बिहार में 'मैजिक नंबर' 49 के आसपास है। राजग के पास पर्याप्त विधायक होने के कारण वह पांच में से चार सीटें जीतने की स्थिति में है। सूत्रों का कहना है कि यदि राजनीतिक समीकरण अनुकूल रहे तो वह पांचवीं सीट पर भी दावा कर सकता है।

### कहा, योजनाओं का उद्देश्य...

योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि समयबद्ध व्यय के साथ-साथ गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। बैठक में कृषि अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, बीज वितरण, फसल विविधीकरण तथा मूल्य संवर्धन जैसी पहलों पर भी चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से कहा कि वे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करें तथा नवाचार आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता दें, जिससे किसानों की लागत घटे और उत्पादकता में वृद्धि हो। बैठक के दौरान रबी विपणन सत्र के अंतर्गत विभिन्न राज्यों द्वारा फसलों की खरीद के संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निम्नलिखित स्वीकृतियाँ प्रदान की गईं जिसमें मध्य प्रदेश को चना एवं मसूर की खरीद की स्वीकृति, राजस्थान एवं गुजरात को चना एवं सरसों की खरीद की स्वीकृति, महाराष्ट्र को चना की खरीद की स्वीकृति शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने राज्यों को निर्देश दिया कि खरीद प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि खरीद केंद्र पर्याप्त मात्रा में हों, तौल, भंडारण एवं भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शिता एवं ईमानदारी से संचालित हो तथा किसानों को न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### निर्वाचन आयोग और राज्य...

दायरे में संस्थागत समन्वय को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने मतदाता सूची प्रबंधन, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग और श्रेष्ठ पद्धतियों के आदान-प्रदान के जरिए चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया।

निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु ने कहा कि भरोसा हर चुनाव की आधारशिला है और इसे बनाए रखने के लिए सभी आयोगों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयुक्तों से एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और बेहतर व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. विवेक जोशी ने डिजिटल समन्वय के महत्व को रेखांकित करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर बल दिया, जिससे केंद्र और राज्यों के बीच चुनावी प्रक्रियाओं में तालमेल स्थापित किया जा सके।

### हरियाणा सरकार रख रही...

हिसाब रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि कोई पैसा गलत तरीके से खर्च न हो। उन्होंने कहा कि बैंक ने बताया कि यह प्रकरण मुख्य रूप से चंडीगढ़ की शाखा का था, और मिडिल तथा लोअर लेवल के कर्मचारियों की मिली-भगत से हुआ। सैनी ने स्पष्ट किया कि सरकार बैंक के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि इस प्रकरण में शामिल कोई भी व्यक्ति, चाहे वह सरकारी अधिकारी हो या बैंक कर्मचारी, बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दोहराया कि किसी भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी को इस मामले में माफ नहीं किया जाएगा।

यूपी में अफसरों के लिए आदेश जारी

# 10 मिनट में जनप्रतिनिधियों की कॉल का जवाब देना जरूरी

**विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में जनप्रतिनिधियों की शिकायत अब दूर हो जाएगी। अफसर अब उनका फोन उठाने में आनाकानी नहीं कर सकते। 17 फरवरी को प्रदेश की विधानसभा तक में यह मामला उठा था। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा था कि विधायकों के फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। अब प्रदेश में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कदम उठाया गया है। 25 फरवरी से जनप्रतिनिधि-अधिकारी 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की जाएगी। यह व्यवस्था पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में शुरू होगी। इस संबंध में समयबद्ध तैयारियों को लेकर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ताकि योजना सुचारु रूप से लागू हो सके।



#### फोन न उठने की समस्या का हो गया समाधान

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत हर जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा।

डिप्टी सीएम का राहुल गांधी पर हमला

# दंगे करवाना चाहते हैं मोहब्बत की दुकान

**लखनऊ।** यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाले देश में दंगे करवाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को नीचा दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टारगेट करना अब एक फैशन बन गया है। दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनिया भर से प्रतिनिधि आए थे। कांग्रेस के लोगों का नग्न होकर प्रदर्शन करना देश को शर्मसार करने वाला है।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एआई को देश के कोने-कोने में फैलाना चाहते हैं। यही उनका विजन है जबकि कांग्रेस और राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर हर दिन आरोप लगाते रहते हैं।



राहुल गांधी का मकसद झूठ बोलकर देश को नीचा दिखाना है। वो विदेशी प्रोपोगेंडा फैला रहे हैं। उनको समझना चाहिए कि सूरज पर थूकने से अपना ही चेहरा गंदा होता है। उनका एजेंडा देश की छवि को धूमिल करना है। वो विदेशी मंचों से भारत को अपमानित करते हैं। ये चीन से राजीव गांधी फाउंडेशन में फंड लेते हैं।डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत आर्थिक जगत में सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

## पालकी के साथ 64 लोगों को ही अनुमति

मथुरा से आए कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे

# काशी विश्वनाथ धाम में रंग भरी एकादशी के आयोजन की रूपरेखा तय की गई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी


महाशिवरात्रि के बाद विश्वनाथ धाम का दूसरा सबसे बड़ा महापर्व रंग भरी एकादशी 27 फरवरी 2026 को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष की विशेषता यह है कि मथुरा से आए कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन करेंगे और सभी अनुष्ठान परंपरागत शास्त्रोक्त विधि-विधान के अनुसार संपन्न होंगे।

**सुरक्षा प्रबंधों को सख्ती से लागू करने का निर्णय :** महापर्व की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर पुलिस विभाग, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ और अन्य संबंधित विभागों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा प्रबंधों को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया है। विशेष रूप से बाउंड्री वॉल कूदने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। महंत के अनुसार पालकी के साथ केवल 64 चिन्हित व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। पुलिस प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि इनके अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति अनावश्यक रूप से भीड़ का हिस्सा न बने। मंदिर परिसर के भीतर मोबाइल फोन का पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।



#### मोबाइल पाया जाता है तो तुरंत जब्त कर लिया जाएगा

यदि कोई श्रद्धालु मोबाइल के साथ पाया जाता है, तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें। मंदिर परिसर के अतिरिक्त सम्पूर्ण धाम क्षेत्र, शिवार्चनम मंच के पास व मंदिर चौक में मोबाइल सहित श्रद्धालुओं और कैमरा माइक समेत पत्रकार बंधुओं के प्रवेश की अनुमति यथावत रहेगी। श्री काशी विश्वनाथ न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडई, सूक्ष्म जलपान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था की जाएगी।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोट्र्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

## टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।


## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी जिंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को



लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएफवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।



विधानसभा से

# विधानसभा में प्रश्न कुछ लगाया और पूछा कुछ, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में पहले ही प्रश्न पर जमकर बहस हुई। कांग्रेस सदस्य ने जो प्रश्न लगाया था, सदन में उसकी बात तक नहीं की। मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि प्रश्न दूसरा लगाया गया है और पूछा कुछ जा रहा है, ऐसे में यह उद्धृत ही नहीं होता। जवाब देने का इसका कोई औचित्य नहीं है।

सदन में कांग्रेस सदस्य दिनेश चंद्र बोस ने उज्जैन जिले में महिदपुर के छात्रावास में क्या-क्या सामग्री कब-कब कितनी कितनी कीमत में खरीदी गई। इससे संबंधित सवाल किया था, किंतु जब सदन में इस पर चर्चा होने लगी तो इसके बजाय उन्होंने यह पूछना शुरू किया की इस छात्रावास में 30 बच्चियां बीमार हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ बच्चियों को उज्जैन रेफर किया गया। इस पर मंत्री जवाब दें। मंत्री नगर सिंह चौहान ने कहा कि जो प्रश्न पूछा गया है उसी का उत्तर देना उचित होगा।

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी छात्रावास में बच्चों के बीमार होने का मुद्दा उठाया था। उस दौरान तक सदस्य जैन सदन में नहीं पहुंचे थे। बाद में सवाल जवाब को लेकर भी यही हुआ। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शायद नेता प्रतिपक्ष को गलतफहमी हो गई है। यह प्रश्न दूसरा है। सामग्री को लेकर है, आप पहले प्रश्न पढ़ लीजिए।

इस मुद्दे पर काफी देर तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस होती रही। कांग्रेस सदस्य ने छात्रावास में सामग्री की खरीदी, उसका वितरण, संबंधित एजेंसी के नाम भुगतान आदि के बारे में चर्चा तक नहीं। इसे लेकर के कई तरह के सवाल खड़े हुए। ताज्जुब की बात यह की पूरा विपक्ष प्रश्न में पूछे गए मुद्दों के बजाय अलग ही तरह के प्रश्न में सभी को उलझाए रहा।

## मुख्य बजट के बाद अनुपूरक बजट कहीं वित्त विभाग की गलती तो नहीं

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तृतीय अनुपूरक बजट को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्य बजट के बाद सरकार यदि अनुपूरक बजट लाती है, तो यह कहीं न कहीं वित्त विभाग की गंभीर गलती है। यह अधिकारियों और मंत्रियों की गलती है। समीक्षा नहीं होती कि हमें एक कितना खर्च करना है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सोमवार को तृतीय अनुपूरक बजट की मांगों पर चर्चा में कहा कि मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का था। प्रथम अनुपूरक 2356 करोड़ रुपए का था। द्वितीय अनुपूरक 13,476 करोड़ रुपए और तृतीय अनुपूरक 19,287 करोड़ है। मतलब पहले और दूसरे अनुपूरक बजट में भी सरकार आकलन नहीं कर पाया कि हमें कितना खर्च करना है। इसका मतलब मुख्य बजट को मिलाकर 35,121 करोड़ रुपए का मांगे गए। इसका मतलब मुख्य बजट का 1.34 प्रतिशत होता है कि वित्त विभाग यह आकलन नहीं कर पा रहा है कि 35,121 करोड़ रुपए क्या छोटी राशि है। उन्होंने सरकार की प्लानिंग पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए।

## भूरिया बोले, बजट में गरीब-आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा, पांडे ने कहा इरादों की सरकार

विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन बजट पर चर्चा का दौर चलता रहा। पक्ष के विधायकों ने जहां बजट को वादों के साथ इरादों को पूरा करने वाला बताया, वहीं विपक्ष के विधायकों ने इसे आंकड़ों का खेल बताते हुए कहा कि बजट में गरीब और आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा गया है। कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने विधानसभा में कहा कि बजट में आंकड़ों के हिसाब से तो उनके लिए बहुत कुछ दिया गया है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं मिल रहा है। बजट में सरकार की भावना छुपी होती है।

■ बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने रखी बात



विरोध प्रदर्शन करते सिंघार।

## जवाबदेही की दिशा में अहम कदम, बाघ मृत्यु अपडेट वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध

**भोपाल।** मप्र में वन विभाग बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक कारणों से होने वाली बाघ मृत्यु की प्रत्येक घटना पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (नई दिल्ली) तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिवत कार्रवाई की जाती है। संरक्षण प्रयासों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए विभाग ने वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 (15 फरवरी तक) में घटित सभी बाघ मृत्यु प्रकरणों से संबंधित जानकारी आमजन की जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। भविष्य में भी इस जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा यह कदम पारदर्शिता को सुनिश्चत करने के साथ ही 'टाइगर स्टेट' की गौरवपूर्ण पहचान को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### देश में कुल 3,682 बाघ हैं जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ मप्र में

केन्द्र सरकार से कराए गए वर्ष 2022 के बाघ आकलन के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ हैं, जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ (एक वर्ष से अधिक आयु के) मप्र में पाए गए हैं। यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार तथा वन विभाग के दशकों से किए जा रहे सतत एवं वैज्ञानिक प्रयासों का परिणाम है अधिक संख्या में बाघ होने के कारण प्राकृतिक मृत्यु स्वाभाविक है। विभाग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मानव-

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ग्वालियर के कृषि मंथन में कृषि वैज्ञानिकों को दिया संदेश

# यह वर्ष इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण मामले में होगा साबित मील का पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। इनके अथक परिश्रम से ही हमारे बाजार गुलजार है। हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह वर्ष प्रदेश के इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष 'खेत से लेकर कारखाने तक और बाग से लेकर बाजार तक' की पूरी मूल्य संवर्धन श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से कृषि विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के लिए अधिकाधिक रोजगार आधारित उद्योगों के विकास, उन्नत किस्म के बीजोत्पादन, पशुपालन, दुग्धोत्पादन, मत्स्योत्पादन में वृद्धि सहित हर वो कदम उठाएंगे, जिनसे खेती और अन्नदाताओं का विकास हो।

### दलहन-तिलहन, औषधीय और मसाला फसलों का भी बढ़ा रहे उत्पादन







### जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर हो रहा कृषि मंथन निश्चित ही किसानों को खेती में जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा। हमारी सरकार आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्रों में मूल्य-श्रृंखला विकास, प्रोसेसिंग, तकनीक अपनाने और ग्रामीण युवाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देकर व्यापक रोजगार सृजन करने पर फोकस कर रही है। तकनीकी नवाचार, विविधीकरण और नीतिगत समर्थन से इन क्षेत्रों में न केवल उत्पादकता बढ़ाई जा सकेगी, बल्कि विपणन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में बाजार अनुरूप लाभकारी व्यवस्था कृषकों के लिए निर्मित होगी। हम कृषि के अलावा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्र में भी नई सोच से आगे बढ़ रहे है।

**मुख्यमंत्री ने विस में किसानों के लिए 5 घोषणाएं की**

### उड़द प्रोत्साहन योजना-वर्ष 2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में दलहनी फसलों के संतुलित उत्पादन, किसानों की आय में वृद्धि, फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का अधिक उत्पादन होने से उत्पन्न, उपार्जन तथा विपणन समस्याओं के निराकरण की चुनौतियों के दृष्टिगत उड़द की ग्रीष्मकालीन फसल पर हमारी सरकार की ओर से प्रति किसान 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया जा रहा है। मूंग की जगह उड़द उगाने को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रोत्साहन राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त दी जाएगी।

### समर्थन मूल्य पर चना, मसूर का उपार्जन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चना एवं मसूर की फसल का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए 24 मार्च से 30 मई तक की अवधि प्रस्तावित की गई है। इसके लिए 20 फरवरी से 16 मार्च तक किसानों के पंजीयन की कार्रवाई फिलहाल प्रचलन में है।

### किसानों की बेहतरी के लिए कर रहे कामः सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की बेहतरी के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिए हमने प्रदेश में सड़क मार्गों और राजमार्गों का जाल बिछाने का बीड़ा उठाया है। उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना (हाई-वे) भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

### तुअर उपार्जन के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजेंगे

सीएम ने कहा कि खरीफ फसल तुअर का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत केन्द्रीय एजेंसियों (नाफेड एवं एनसीसीएफ) ने सीधे उपार्जन के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की बेहतरी के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

### विधानसभा सत्र में भील आदिवासी विकास प्राधिकरण की मांग

## सहरिया विकास प्राधिकरण जैसा बने भील विकास प्राधिकरण



सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सहरिया विकास प्राधिकरण की तर्ज पर सरकार से भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनाने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि एक ओर आदिवासियों के साथ शोषण अत्याचार होता है, वहीं दूसरी ओर विकास के अवसरों से वंचित भील जनजाति लगातार पिछड़ती जा रही है। भील आदिवासी समुदाय में सामाजिक-आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कुपोषण को दूर करने के लिए एक समर्पित विकास प्राधिकरण की सख्त जरूरत है। डोडियार ने सदन में यह भी कहा कि पश्चिमी मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और धार जिलों के भील आदिवासी लगातार कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी, पलायन और विस्थापन के शिकार हो रहे हैं इसलिए सामुदायिक केंद्रीय व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, बुनियादी ढांचे और आजीविका के अवसरों का काम करना पड़ेगा। भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनने से मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के भील आदिवासियों का सर्वांगीण विकास होगा।

### ग्वालियर संभाग के जिलों में इस बार बसंत पंचमी पर नहीं हुई मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कोई शादी

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना में इस बसंत पंचमी को कोई शादी नहीं हुई। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि योजना की शर्तों में जोड़ा गया कि संबंधित परिवार गरीबी रेखा से नीचे होना चाहिए। जबकि सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे का प्रमाण पत्र ही बनाना बंद कर दिया है। इस वजह से बसंत पंचमी पर योजना के तहत कोई शादी नहीं हुई। विधानसभा में डॉ. सतीश सिकरवार ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह, निकाह योजना में बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संभाग में इस बार बसंत पंचमी पर एक भी शादियां नहीं हुई। आखिर ऐसी क्या वजह है की सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने जवाब में कहा कि इस योजना में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतें देखने को मिली थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विवेक, पुत्रः रामदेव चौहान, निवासीः झुग्गी संख्या 214, रेलवे लाइन, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, अशोक विहार, उत्तर पश्चिम, दिल्ली** ने **FIR No. 0057/2019, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विवेक** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विवेक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **विवेक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री राशि रहेजा
जेएमएफसी–13, सेंट्रल, भूतल, कमरा नंबर 33,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2408/N/2026


## सुशासन से समृद्धि की दिशा में सरकार का मजबूत कदम

# छग वित्तमंत्री चौधरी ने पेश किया 1.72 लाख करोड़ का तीसरा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 24 फरवरी को विधानसभा में तीसरा बजट पेश किया। जो 1.72 लाख करोड़ का है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि यह बजट सुशासन से समृद्धि की दिशा में मजबूत कदम है।

प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखी जाएगी।





### 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित

साय सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित है। इसमें एस का अर्थ समावेशी विकास, ए का अर्थ अंधोसंरचना। एन का अर्थ निवेश। के का अर्थ कुशल मानव संसाधन। ए यानि अंत्योदय। एल का अर्थ लाइवलीहुड और प यानि पॉलिसी से परिणाम को प्रमुखता से शामिल किया गया है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है।

### आदिवासी क्षेत्र बस्तर और सरगुजा पर फोकस

इस बार के बजट में साय सरकार ने आदिवासी संभाग बस्तर और सरगुजा पर फोकस किया है। अधिकतर घोषणाएं इन दो संभागों को ध्यान में रखकर की गई है। बस्तर ओलंपिक के तर्ज पर अब सरगुजा ओलंपिक करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 5-5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही नक्सलगढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 2 नए एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बस्तर एवं सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 200 करोड़ का प्रावधान है। बैगा एवं पुजारी को प्रोत्साहन राशि के लिए 3 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 1,500 बस्तर फाइटर्स के पदों का सृजन। बस्तर नेट परियोजना हेतु 5 करोड़ स्वीकृत। बस्तर और सरगुजा में पशुपालन गतिविधियों के लिए 15 करोड़ का प्रावधान, अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़। मैनपाट के पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। बस्तर एवं सरगुजा में अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान।

### पांच मिशन पर फोकस

इस बार के बजट में सरकार ने पांच मिशन पर फोकस किया है। ताकि विकास को रफ्तार दिया जा सके। इसमें...
मुख्यमंत्री एआई मिशन
मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन
मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन
मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन
मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं एनआईपीयूएन मिशन

### मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज,बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती। बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान। आयुष्मान योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान। 10 करोड़ रुपये से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान। मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान। सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान। कांकेर, कोरबा, महासमुंद में नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण। शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के तहत सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक की सुविधा हेतु 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

## एसजीटी विवि में आज से विचारों का महाकुंभ, जुटेंगे 7 देशों व भारत के 22 राज्यों के चिंतक

**गुरुग्राम।** मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं लिबरल आर्ट्स संकाय भारतीय विश्व मामलों की परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के प्रायोजन में 25 एवं 26 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। सम्मेलन का विषय रहेगा-"भारत की नैरेटिव कूटनीति की बदलती गतिशीलता"।भू-राजनीतिक परिवर्तनों, डिजिटल क्रांति, जलवायु चिंताओं और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के दौर में कूटनीति अब कथाओं, प्रतीकों, सांस्कृतिक स्मृतियों और डिजिटल संचार से संचालित हो रही हैं। सम्मेलन में इस बात पर विमर्श होगा कि भारत किस प्रकार 'वसुधैव कुटुम्बकम्', ग्लोबल साउथ एकजुटता, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रवासी भारतीय सहभागिता, योग, आयुर्वेद, बौद्ध विरासत, समुद्री संपर्क, खाद्य कूटनीति और सिनेमा जैसे सॉफ्ट पावर के माध्यमों के जरिए अपनी वैश्विक छवि का निर्माण और प्रस्तुतिकरण करता है।अंतरराष्ट्रीय संबंध, सांस्कृतिक अध्ययन, मीडिया व सामरिक अध्ययन और डिजिटल मानविकी के अंतःविषयक संगम पर आयोजित इस सम्मेलन में प्लेनरी सत्र, मुख्य वक्तव्य, पैनल चर्चा और 10 विषयगत तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में 7 देशों, 18 भारतीय राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों से 150 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे, जो 75 से अधिक विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माण निकायों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सम्मेलन अकादमिक जगत और नीति-निर्माण के बीच सेतु का कार्य करते हुए भारत की विकसित होती नैरेटिव रणनीतियों पर गहन समझ को सुदृढ़ करेगा और वैश्विक कूटनीतिक विमर्श में भारत के बौद्धिक योगदान को मजबूती प्रदान करेगा।

## कोंडागांव में भारी वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**कोंडागांव ।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं व जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने एक अहम आदेश जारी किया है। आदेश के तहत आगामी आदेश तक नगर से गुजरने वाले सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि कोंडागांव नगरीय क्षेत्र में सघन आबादी एवं भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। साथ ही कोंडागांव-जगदलपुर मार्ग (एनएच-30) नगर के मध्य भाग से होकर गुजरता है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। इस स्थिति को देखते हुए नगर की बाहरी सीमा पर दोनों ओर बायपास सड़क का निर्माण किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब नगर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहन अनिवार्य रूप से बायपास सड़क से ही आवागमन करेंगे और नगर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। यह निर्णय नगर की यातायात व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लि., पानीपत | दि पानीपत सहकारी चीनी मिल्स लि., पानीपत की डिस्टीलरी यूनिट की मशीनरी और पुराने और उपयोग किए गए संयंत्र की बिक्री + 5 कार्य। | 21.02.2026 05.03.2026 | रु. 2815.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 91385-53300 panipatsugarmills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43306/I/88/7 दि. 24.02.26



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 7 मार्च 2026 को एक ई–नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सैनिक कॉलोनी | |
| 235805001365 | साहिल चंदिला |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सेक्टर–21सी | |
| 630362013595 | अनिरूद्ध भारद्वाज |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | |
| 732505000675 | गुफरान आलम |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–21 | |
| 370905001728 | मिथलेश कुमार सिंह |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नीमराना – जापानी जोन | |
| 350262000348 | जोगेन्द्र सिंह |
| शाखा का नाम : सारदुलगढ़, पंजाब | |
| 356762001461 | मालविन्दर कौर |
| 356762001491 | अजायब सिंह |

दिनांक : 25.02.2026
स्थान : गुरूग्राम, फरीदाबाद, महेन्द्रगढ़, सारदुलगढ़, सिरसा
हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में उपतहसील भवन भट्टू कलां में 25 केवीए डीजी सैट का प्रावधान और ई.आई. आंतरिक की विशेष मरम्मत। | 23.02.2026 03.03.2026 | 16.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में एमआईटीसी चैनल (कि.मी. 0.00 से 3.20) पर शादीपुर से पंसारा के साथ-साथ रोड का निर्माण। | 23.02.2026 05.03.2026 | 252.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में गांव गोरखपुर (भुना) में राजीव गांधी खेल परिसर/स्टेडियम की विशेष मरम्मत। | 23.02.2026 02.03.2026 | 15.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकुला हरियाणा | पॉली पैल्लेट्स। | 25.02.2026 11.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खानपुर कलां में अशोक पुत्र रामफूल के खेत से नरेश पुत्र राममेहर के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण (एचजीवीवाई) + 3 कार्य। | 23.02.2026 02.03.2026 | 116.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पानीपत | एसएनएलके – गांव गढ़ी छाज्जु ब्लॉक समालखा, जिला पानीपत में वीएनजीवाई स्कीम के तहत पंचायत भूमि (निकट मंदिर) में शैड के निर्माण के लिए आकलन + 5 कार्य। | 23.02.2026 28.02.2026 | 52.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | गांव बलाई, बनारसी, खोशपुरी, नांगल शाहपुर, सुल्तानपुर नूह ब्लॉक नगीना में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 19.02.2026 02.03.2026 | 598.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/140/43314/I/88/7 दि. 24.02.26

चिंतन

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों- खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ
अखिलेश आर्येन्दु

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।

तकनीक
आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

(लेखक स्वस्थ भारत, पंजी, न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।


## नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
**प्रेरणा**

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं रणनीति की जरूरत**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

### करंट अफेयर

## ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका

ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस-सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति-विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



### ऑफ बीट

## आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका फफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



### ट्रेंड


**दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि**



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

**अमेरिकी डील रद्द करें**



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

**जन-आकांक्षाओं का बजट**



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**

**निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण**



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक ज़रूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर चर्चाएं तेज

# डीएमके ने कांग्रेस नेतृत्व की मानी तो पवन खेड़ा तमिलनाडु से पहुंच सकते हैं राज्यसभा, 40-41 विधानसभा सीटें भी मांगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेतृत्व से आगामी चुनावों के लिए 40-41 विधानसभा सीटों और एक राज्यसभा सीट की मांग की है। यह मांग कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन के बीच हुई बैठक में उठाई गई।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने राज्य की सभी 38 जिलों में कम से कम एक-एक सीट पर चुनाव लड़ने की रणनीति के तहत 40 से अधिक सीटों की दावेदारी पेश की है। हालांकि, डीएमके की ओर से फिलहाल इस संख्या पर कोई अंतिम सहमति नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि डीएमके कांग्रेस को लगभग 27 सीटें देने पर विचार कर रही है, जो 2021 के विधानसभा चुनाव




में कांग्रेस द्वारा लड़ी गई 25 सीटों से कुछ अधिक होंगी। बैठक में कांग्रेस ने एक राज्यसभा सीट की भी मांग रखी। सूत्रों के मुताबिक, यह सीट पार्टी के वरिष्ठ नेता और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा के लिए प्रस्तावित की गई है। सूत्रों ने बताया कि डीएमके नेतृत्व ने विधानसभा सीटों की संख्या कम करने के एवज में ही राज्यसभा की एक सीट देने पर सकारात्मक संकेत दिए हैं। अंतिम निर्णय उम्मीदवार के नाम और व्यापक गठबंधन समीकरणों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि बैठक में सत्ता साझेदारी (पावर शेयरिंग) के मुद्दे पर ज्यादा जोर नहीं दिया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि कांग्रेस इस बार अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाए हुए है। हालांकि, कुछ समय पहले कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से सत्ता में हिस्सेदारी की मांग उठाए जाने से गठबंधन में हल्का तनाव देखा गया था। डीएमके के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सीटों के अंतिम बंटवारे में 'जीतने की संभावना' (विनेबिलिटी) को प्रमुख आधार बनाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि गठबंधन की मजबूती और चुनावी सफलता के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि बातचीत का एक और दौर जल्द हो सकता है, जिसके बाद अंतिम फार्मूला तय किया जाएगा। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सत्ता में वापसी की थी। कांग्रेस ने उस चुनाव में 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 18 पर उसे जीत मिली थी। इस बार डीएमके को अपने अन्य सहयोगी दलों को भी समायोजित करना है, जिससे सीट बंटवारे की प्रक्रिया जटिल हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तमिलनाडु में भाजपा और एआईएडीएमके के खिलाफ मजबूत विपक्षी मोर्चा बनाए रखने के लिए डीएमके और कांग्रेस के बीच संतुलित समझौता होना आवश्यक है। ऐसे में दोनों दल आपसी मतभेदों को सुलझाकर चुनावी मैदान में एकजुट होकर उतरने की कोशिश कर रहे है फिलहाल, सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय का इंतजार है, लेकिन यह स्पष्ट है कि तमिलनाडु की राजनीति में गठबंधन की रणनीति आने वाले चुनावी समीकरणों को निर्णायक रूप से प्रभावित करेगी।

भोपाल में कांग्रेस की 'किसान महाचौपाल में राहुल ने कहा

# प्रधानमंत्री मोदी को दी चुनौती- अगर हिम्मत है तो भारत-अमेरिका ट्रेड डील रद्द करके दिखाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ट्रेड डील के जरिए देश की संप्रभुता और किसानों के हितों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास गिरवी रख दिया है। किसानों के उमड़े जनसैलाब के बीच कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को डरपोक और 'सरेंडर मोदी' करार देते हुए कहा कि अपने 60 साल के राजनीतिक जीवन में उन्होंने इतना डरपोक प्रधानमंत्री नहीं देखा। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा। खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि जो प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' करते हैं, वे सोमवार को संसद में आकर विपक्ष से आंख मिलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। वे न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं और न ही सदन में अपनी बात को रखते हैं। खरगे ने हालिया ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समझौता बराबरी का नहीं, बल्कि गुलामी का है।

अमेरिका अपना घटिया माल भारत में बेचेगा, जिससे भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि समझौते के मुताबिक भारत को पांच साल में अमेरिका से कुल 45 लाख करोड़ रुपये (500 बिलियन डॉलर) का सामान खरीदना होगा। पहले भारत अमेरिका को आयात से अधिक निर्यात करता था और फायदे में रहता था, लेकिन अब वह घाटा उठाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत के कपड़ा व चमड़ा उद्योग खत्म हो जाएंगे और सोयाबीन व फल उगाने वाले किसान भी प्रभावित होंगे। खरगे ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि अमेरिका की धमकी के आगे झुककर मोदी ने रूस और ईरान से सस्ता तेल खरीदना बंद कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि आख़िर प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने क्यों घुटने टेक रहे हैं? खरगे ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि



वे असली देशभक्त हैं। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यक्रम में जाकर बता दिया कि देश के युवा बेरोजगार हैं, किसान अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते से बेहद परेशान हैं, ट्रेड डील मत कीजिए। लेकिन मोदी सरकार ने इसे देश का अपमान बता दिया। उन्होंने कहा कि देश का अपमान मोदी द्वारा ट्रंप के सामने हमारा स्वाभिमान गिरवी रखना है। उन्होंने याद दिलाया कि जब देश में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे, तब भाजपा ने गाड़ियां रोकी थीं और काले झंडे दिखाए थे। उन्होंने दोहराया कि देशभक्ति का सर्टिफिकेट देने वाले आरएसएस के लोग अंग्रेजों के सामने माफीनामा लिखते थे, जबकि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'कांग्रेस के पास गोडसे नहीं, गांधी हैं और आज के दौर में युवाओं की लड़ाई लड़ने के लिए राहुल गांधी हैं।' वहीं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा, हिंदुस्तान के संसदीय इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब का हवाला देते हुए बताया कि जब चीन के टैंक भारतीय सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, तब सेना अध्यक्ष ने सरकार से स्पष्ट आदेश मांगे थे। नरवणे जी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोवाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को फोन किया, लेकिन घंटों तक कोई जवाब नहीं मिला। अंत में पीएम मोदी ने सेना प्रमुख के लिए संदेश भिजवाया- ₹जो उचित समझो, वो करो"। उन्होंने कहा कि जनरल नरवणे ने अपनी किताब में लिखा है कि उस संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री ने दिशा दिखाने के बजाय सेना को उसके हाल पर अकेला छोड़ दिया था। राहुल गांधी ने हाल ही में हुई भारत-अमेरिका ट्रेड डील को भारत के किसानों और टेक्सटाइल उद्योग के लिए तबाही वाला बताया। उन्होंने इस डील के जरिए देश का बेशकीमती डेटा अमेरिका को सौंपने को लेकर भी मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल्स और अमेरिका में अडानी के खिलाफ चल रहे केस के कारण मोदी सरकार द्वारा यह डील की गई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका के पास एपस्टीन की लाखों फाइलें हैं जो अभी सार्वजनिक नहीं हुई हैं; उनके ईमेल, मैसेज, वीडियो अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मोदी सरकार को डराने के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम जारी किया है, ताकि मोदी उनके दबाव में काम करें। अमेरिका में अडानी पर चल रहे अपराधिक मामले का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह केस अडानी पर नहीं, भाजपा के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर है, इसलिए प्रधानमंत्री इससे डरे हुए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी कॉम्प्रोमाइज़्ड हैं और यह उनकी आंखों में साफ दिखता है। उन्होंने प्रधानमंत्री को सीधी चुनौती दी कि अगर उनमें दम है, तो देश के हितों को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेड डील को रद्द करके दिखाएं। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए राहुल गांधी ने उन्हें बब्बर शेर बताया और कहा कि उनमें देशभक्ति का ख़ून है, वे किसी से न डरें और सच्चाई को गांव-गांव तक पहुंचाएं। किसान महाचौपाल में मध्य प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, दिग्विजय सिंह, पवन खेड़ा, कांतिलाल भूरिया, विवेक तन्खा सहित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने राहुल गांधी को भारत की सबसे कमजोर कड़ी बताया

## राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' में सिर्फ बेशर्मी का सामान: भाजपा

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा करने की साजिश रची है। यह आरोप तब लगाया गया जब युवा कांग्रेस नेता उदय भानु चिब को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी को भारत की सबसे कमजोर कड़ी बताया और संविधान के बारे में उनके ज्ञान पर सवाल उठाया। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा करने की यह साजिश रची है। उदय भानु चिब को एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शर्टलेस प्रदर्शन आयोजित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, और दिल्ली पुलिस ने अदालत से उनकी 7 दिन की रिमांड मांगी थी। उदय भानु चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि ये जो राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान है, इसमें केवल नंगयी और बेशर्मी का सामान है। आज की बड़ी खबर है कि उदय भानु, जो कांग्रेस पार्टी के यूथ विंग का अध्यक्ष है, राहुल गांधी के इशारे पर एआई समिट के दौरान जब पूरे विश्व की नजर भारत पर है, तब अपनी टीशर्ट उतरवाना, नंगे हो जाना...जिससे की भारत की छवि धूमिल हो...ये कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आप भारत को नंगा करना चाहते थे, आज आप खुद राजनीतिक तौर पे पूरी तरह से नंगे हो चुके हैं। आप संविधान को दिखाते थे, लेकिन कभी आपने संविधान पढ़ा नहीं।

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पासवान ने असम में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की

## माजुली में आवास, ग्रामीण संपर्कता एवं रोजगार सृजन कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने मंगलवार को अपने आधिकारिक दौरे के दौरान माजुली जिले में ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। पासवान सबसे पहले उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

**मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद कर महिला सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास पर बल दिया**

बैठक में प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन, भौतिक और वित्तीय प्रगति तथा गुणवत्ता मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के पश्चात मंत्री ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत असम में 39.76 लाख महिलाएं 3.62 लाख एसएचजी से जुड़ी हैं, 23,252 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया गया। मंत्री ने उनके योगदान की सराहना की और कहा कि महिला-नेतृत्वित विकास ही 'विकसित भारत' की आधारशिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत गरामुर में निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि असम में 29.09 लाख आवास स्वीकृत एवं 21.33 लाख पूर्ण किए जा चुके हैं। माजुली में 22,349 स्वीकृत आवासों में से 20,107 पूर्ण हो चुके हैं। मंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत कर गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने तथा शेष आवास शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कमलेश पासवान ने रंगाचाही राज्य औषधालय का दौरा किया और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्मित माधुपुर–पुरानीबारी सड़क का निरीक्षण किया। मंत्री ने बताया कि राज्य में 9,269 स्वीकृत कार्यों में से 9,146 पूर्ण (98% से अधिक) किए जा चुके हैं। मंत्री ने गुणवत्ता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि सुदृढ़ ग्रामीण संपर्कता स्थानीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को सशक्त बनाती है। उन्होंने श्री श्री पीताम्बर देव गोस्वामी जिला अस्पताल, गरामुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की।

## एम्स गोरखपुर में की डॉक्टर से अभद्रता, 2 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

यहां के एम्स में काम करने वाली नगालैंड की 25 साल की रेजिडेंट डॉक्टर के साथ छेड़खानी और गाली-गलौज करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई। आरोपियों ने मॉल से लौट रही पीड़िता का पीछा किया, जहां वो खरीदारी के लिए गई थी। उन्होंने एम्स के एंट्रेंस के पास उसे गलत तरीके से छूने से पहले कथित तौर पर रास्ते भर छींटाकशी की।

### महाराष्ट्र भाजपा में कृष्णराज 'युवा अध्यक्ष'



**मुंबई।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने मंगलवार को नए पदाधिकारियों की सूची जारी की। इसमें कृष्णराज महाडिक को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इन नियुक्तियों की घोषणा की।

### भुवनेश्वर में आग से कई दुकानें खाक



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर के धौली इलाके में को एक बाजार परिसर में आग लगी। इसमें कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। अफसरों ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे लगी आग के कारण किसी के घायल होने या मौत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### ऑर्केस्ट्रा की आड़ में डांस बार, लाइसेंस रद्द होंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अवैध डांस बार चलाने के लिए ऑर्केस्ट्रा बार लाइसेंस के दुरुपयोग के खिलाफ सख्ती बरतने को कहा। फडणवीस ने कहा कि सरकार इनके लाइसेंस को स्थायी रूप से रद्द करेगी।

यहां होली का रंगारंग त्योहार 12 मार्च तक चलेगा

## ब्रज में शुरू हो गया फगुआ, जमकर उड़े अबीर-गुलाल, 40 दिन चलेगा पर्व

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मंगलवार से पूरी दुनिया में मशहूर ब्रज होली का त्योहार मथुरा में शुरू हो गया है, जिला प्रशासन के जारी ऑफिशियल शेड्यूल के मुताबिक ब्रज में होली का त्योहार 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगा, जिसे देखने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग यहां पर आते हैं। प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इस बार भी भारी संख्या में देश-विदेश से आए भक्त और टूरिस्ट बरसाना लट्ठमार होली, नंदगांव होली, गोकुल में छड़ी मार होली और बलदेव में बड़े हुरंगा त्योहार जैसे पारंपरिक त्योहारों के गवाह बनेंगे। उत्सव लगभग 40 दिनों तक मनाया जाता है।

**यह बना विस्तृत कार्यक्रम**



- 24 फरवरी: फाग निमंत्रण और लड्डू होली
- 25 फरवरी: बरसाना लट्ठमार होली
- 26 फरवरी: नंदगांव लट्ठमार होली
- 27 फरवरी: मंदिर होली (मथुरा और वृंदावन)
- 1 मार्च: द्वारकाधीश मंदिर होली और छड़ी मार होली

एयर एंबुलेंस हादसा

## जान बचाने के फेर में गई 7 की जान, उधार लिए थे 7.5 लाख

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची से दिल्ली के लिए रवाना की गई एक एयर एम्बुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 7 लोगों की मौत हो गई। यह विमान एक गंभीर रूप से झुलसे झारखंड के होटल व्यवसायी को इलाज के लिए राष्ट्रीय राजधानी ले जा रहा था।

परिवार ने इस उड़ान और दिल्ली के एक बड़े निजी अस्पताल में इलाज के खर्च के लिए लाखों रुपए उधार लिए थे, लेकिन जीवन बचाने की यह कोशिश दर्दनाक हादसे में बदल गई। मृतकों में संजय कुमार शॉ, उनकी पत्नी अर्चना, रिश्तेदार ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, नर्स सचिन कुमार मिश्रा और पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत तथा कैप्टन सवराजदीप सिंह शामिल हैं।

चुनावों में नोटा का विकल्प लाने से नेताओं में सुधार पर संदेह

## पढ़े-लिखे और अमीर कम तो कमजोर तबका कर रहा ज्यादा वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर संदेह जताया है कि चुनावों में नन ऑफ द एबव यानी नोटा का विकल्प लाने से देश में चुने हुए नेताओं में कोई सुधार हुआ है या नहीं।

**सिस्टम जरूरी हो लेकिन सख्त नहीं होना चाहिए**

सभी चुनावों में नोटा ऑप्शन को जरूरी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि भारत में पढ़े-लिखे और अमीर लोगों में वोटिंग में हिस्सा लेना, आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों के मुकाबले बहुत कम है। याचिका में उन सीटों को भी शामिल किया गया है जहां सिर्फ एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है।

### नेताओं की क्वालिटी में आया सुधार?



जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि क्या नोटा से चुने हुए नेताओं की क्वालिटी बेहतर हुई है? क्योंकि इससे हमें पता चलता है कि पढ़े-लिखे, अमीर लोग कम वोट करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर लोग ज्यादा वोट करते हैं। सीजेआई ने कहा कि कभी-कभी हमें लगता है कि हमें कोई ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए जो जरूरी हो, लेकिन सख्त न हो, ताकि लोग जाकर वोट दें।

हल्द्वानी बनभूलपुरा केस में अहम फैसला

### रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटेगा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे जमीन अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना अहम फैसला दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण को लेकर फैसला देते हुए कहा है कि रेलवे की करीब 29 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को हटाया जाए। कोर्ट ने साफ कह दिया है कि 19 मार्च के बाद सर्वे शुरू किया जाए, जिसमें देखा जाए कि करीब 4500 से ज्यादा घरों में से किसके पास पीएम आवास योजना के तहत घर पाने की एलिजिबिलिटी है या नहीं।

### केरल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट नेकेरल की एलडीएफ सरकार को राहत देते हुए, हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें 'नव केरल सिटीजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम' के लिए 20 करोड़ देने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। नवा केरल सिटिजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और लोगों से योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया जाएगा।

### इस आधार पर रोका हाईकोर्ट का आदेश

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य की स्पेशल लीव याचिका पर अंतरिम आदेश जारी किया। पीठ ने हाईकोर्ट में सरकार की योजना के खिलाफ याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी किया है।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77256719A | चेक रेल असेंबली फॉर लेवल क्रासिंग एस पर आर डी एस ओ | 4272 सेट | 18-03-26 |
| 02 | 77269027 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 10 एम एम थिक सी जी आर एस पी | 3401112 नग | 23-03-26 |
| 03 | 19255046A | मशीन रूम ब्लोअर इन्क्लुडिंग मोटर | 186 नग | 23-03-26 |
| 04 | 77269037 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 10 एम एम थिक सी जी आर एस पी | 114000 नग | 06-04-26 |
| 05 | 77269022 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर गैल्वेनाइज्ड प्लेट स्क्रू | 146130 नग | 13-04-26 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 89 / 2025–2026 दिनांक 24.02.2026 626/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त 1. कलाम शेख, पुत्रः सिद्दीक शेख, निवासीः मकान नंबर 242, तेमुर नगर कैंप, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली, अभियुक्त नंबर 2. हारुन शेख, पुत्रः अल्ताफ शेख, निवासीः मकान नंबर 93, गली नंबर 3, संगम विहार, वजीराबाद, दिल्ली और अभियुक्त नंबर 3. मोहम्मद राहुल खान, पुत्रः मो. मुसरफ, निवासीः मकान नंबर 93, गली नंबर 3, संगम विहार, वजीराबाद, दिल्ली ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध FIR No.426/2023 U/S 458/392/397/120B/411/34 IPC के तहत एक मामला थाना मॉडल टाउन, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त कलाम शेख, हारुन शेख और मो. राहुल खान नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त कलाम शेख, हारुन शेख और मो. राहुल खान फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि FIR No.426/2023 U/S 458/392/397/120B/411/34 IPC, थाना मॉडल टाउन, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली के आरोपी उक्त कलाम शेख, हारुन शेख और मो. राहुल खान को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक 27.03.2026 को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

DP/2382/NW/2026
(अदालती मामला)

आदेशनुसार, श्री जगमोहन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-03 (उत्तर)
कमरा संख्या 312, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** डॉलर की तेजी और कच्चे तेल की मजबूत कीमतों के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 90.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये पर और दबाव डाला, जबकि विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से कुछ समर्थन मिला।

### पीएम सूर्य घर योजना, 30 लाख घरों में रूफटॉप

**नई दिल्ली।** ''पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना'' के तहत फरवरी, 2024 से अब तक देशभर में 30 लाख से अधिक घरों में छतों पर सौर ऊर्जा इकाई लगाई जा चुकी हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर कहा, देशभर में 30 लाख परिवार अब ''पीएम सूर्य घर योजना'' के तहत रूफटॉप सौर प्रणाली से लैस हो चुके हैं।

## निवेशकों की करीब 3 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति साफ हो गई

# आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ।

- निफ्टी में भी 288 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई

**खास बातें**

- अमेरिका व ईरान के बीच बढ़ते तनाव से सहमा बाजार
- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा बदली



**टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक गिरावट :** आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया।

### सूचकांक 1360 के स्तर तक लुढ़क चुका था

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।

### नई चिंताओं के कारण निवेशक धारणा कमजोर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक व्यापार घटनाक्रम और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर पैदा हुई नई चिंताओं के बीच निवेशक धारणा कमजोर रही और कच्चे तेल के दाम भी चढ़ गए। इसके अलावा एआई से व्यापक व्यवधान की आशंका और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में बने दबाव का असर भी मानक सूचकांकों की गिरावट के रूप में देखा गया।

### एआई की वजह से व्यापक गिरावट दर्ज

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिसका नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### आईटी क्षेत्र लंबे समय तक दबाव में रहने की आशंका

नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में सर्वाधिक 4.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि आईटी खंड में 4.53 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 2.61 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### स्मॉलकैप में रही गिरावट

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.68 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सिलेक्ट 0.54 प्रतिशत नीचे आ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,802 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,422 शेयरों में बढ़त रही और 143 अन्य अपरिवर्तित रहे।

## टाटा संस के निदेशक मंडल ने चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल देने पर फैसला टाला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



विविध कारोबार वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के निदेशक मंडल ने चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त करने के बारे में मंगलवार को फैसला टाल दिया। सूत्रों ने शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद उभरने के संकेत देते हुए यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन के फरवरी, 2027 में समाप्त होने जा रहे मौजूदा कार्यकाल को बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। बैठक के बाद कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने समूह की कुछ कंपनियों में हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। सूत्रों के मुताबिक, नोएल टाटा आने वाले समय में टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के भी पक्ष में नहीं हैं और इस संबंध में वह लिखित प्रतिबद्धता चाहते हैं। हालांकि, 62 वर्षीय चंद्रशेखरन को निदेशक मंडल के कई सदस्यों का समर्थन मिला। उनका मानना था कि समूह की किसी एक कंपनी के नुकसान से पूरे समूह के प्रदर्शन या चेयरमैन के योगदान को नहीं आंका जाना चाहिए।

- सूत्रों ने शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद उभरने के दिए संकेत

### चंद्रशेखरण वर्ष 1987 में टाटा समूह से जुड़े.

*चंद्रशेखरन वर्ष 1987 में टाटा समूह से जुड़े थे और वह बाद में समूह की आईटी कंपनी टीसीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बने। फरवरी, 2017 में उन्हें टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनके कार्यकाल में समूह की 15 प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों का राजस्व और मुनाफा लगभग दोगुना हुआ है।*

## सोना 400 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये पर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली और कमजोर रुपये के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय बाजार विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

### रुपये की कमजोरी से सोना हुआ महंगा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 1.35 प्रतिशत घटकर 5,157.16 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 88.19 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रुख के साथ कारोबार कर रही थी। विश्लेषकों ने कहा कि रुपये में कमजोरी से अन्य मुद्रा धारकों के लिए सोना महंगा हो गया, जिससे वैश्विक कीमतों में गिरावट का असर कम हो गया।

## अक्टूबर-दिसंबर में भारत की जीडीपी 8% की दर से बढ़ेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है।

## ताइवान को लेकर जापान के पीएम की टिप्पणी से विवाद गहराया

# चीन ने जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने मंगलवार को 20 जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में और 20 अन्य को निगरानी सूची में डाल दिया। ताइवान को लेकर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कुछ पुरानी टिप्पणियों को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह कदम उठाया गया है। ताइवान एक स्व-शासित द्वीप है जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, चीनी निर्यातकों को 20 जापानी कंपनियों को द्वि-उपयोग (डुअल-यूज) वस्तुएं बेचने पर प्रतिबंध रहेगा, जिनका उपयोग नागरिक एवं सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

- चीन ने जापान की 20 कंपनी को नियंत्रण व 20 को निगरानी सूची में डाला



### गतिविधियां तुरंत बंद करने कहा गया

मंत्रालय ने कहा कि विदेशी संगठन या व्यक्ति भी चीन में उत्पन्न द्वि-उपयोग वस्तुएं इन 20 संस्थाओं को उपलब्ध नहीं करा सकेंगे। बयान में कहा गया, '' संबंधित सभी जारी गतिविधियां तुरंत बंद की जानी चाहिए।''

### निशाने पर जहाज व विमान निर्माण कंपनी

निशाने पर आई कंपनियों में मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज की कई अनुषंगी इकाइयां शामिल हैं जो जहाज निर्माण एवं विमान इंजनों तथा समुद्री मशीनरी के उत्पादन से जुड़ी हैं। साथ ही कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज और फुजित्सु के कुछ प्रभाग भी इसमें शामिल हैं।

### दूसरी सूची में सुबारू व मित्सुबिशी कंपनी शामिल

दूसरी सूची में सुबारू कॉरपोरेशन, मित्सुबिशी मैटेरियल्स कॉरपोरेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टोक्यो सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन कदम का उद्देश्य जापान के पुनः सैन्यीकरण एवं परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाना है और ये ''पूरी तरह वैध, उचित एवं कानूनी'' हैं। मंत्रालय ने कहा, '' ये कदम केवल कुछ चुनिंदा जापानी संस्थाओं पर लक्षित हैं और संबंधित उपाय केवल द्वि-उपयोग वस्तुओं तक सीमित हैं। इससे चीन और जापान के बीच सामान्य आर्थिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## एनएफआर द्वारा असम के कई स्टेशनों पर 19 ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से असम के विभिन्न हिस्सों के चयनित रेलवे स्टेशनों पर 19 ट्रेनों के लिए अतिरिक्त ठहराव शुरू किए हैं। ये अतिरिक्त ठहराव 20 से 28 फरवरी, 2026 के बीच धीरे-धीरे शुरू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रा रूट के स्टेशनों के बीच महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों के लिए यात्रा सुलभ हो जाएगी। 20 फरवरी, 2026 से, ट्रेन संख्या 15615/15616 गुवाहाटी-सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस को शालचापरा में अतिरिक्त ठहराव प्रदान दिया गया है। 21 फरवरी, 2026 से, ट्रेन संख्या 15669/15670 गुवाहाटी-डिब्रूगढ़-गुवाहाटी एक्सप्रेस को कामपुर में ठहराव के लिए शेड्यूल जारी किया गया है, जबकि ट्रेन संख्या 15611/15612 रंगिया-सिलचर-रंगिया एक्सप्रेस को जागीरोड में ठहराव दिया गया है। 22 फरवरी, 2026 से, ट्रेन संख्या 15603/15604 गुवाहाटी-लीडो-गुवाहाटी एक्सप्रेस को कामपुर में अतिरिक्त ठहराव दिया गया है और ट्रेन संख्या 13125 कोलकाता-सयरंग एक्सप्रेस को काटाखाल में ठहराव दिया गया है। 23 फरवरी, 2026 से, ट्रेन संख्या 13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस का लंका में ठहराव दिया गया है, जबकि ट्रेन संख्या 15417/15418 अलीपुरद्वार-सिलघाट टाउन- अलीपुरद्वार राज्यरानी एक्सप्रेस का आमोनी में ठहराव दिया गया है।

## एलएटी एयरोस्पेस ने किया 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था। गोयल ने 'एक्स' पर लिखा, ''एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम की एक नई रक्षा रोबोटिक्स कंपनी 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है।

## दिसंबर तिमाही में खुदरा ऋण 18% बकाया बढ़ा

**मुंबई।** खुदरा ऋण का बकाया दिसंबर तिमाही में 18.1 प्रतिशत बढ़कर 162 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तेजी, त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कटौती से कर्ज वितरण को बढ़ावा मिला। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट सूचना कंपनी 'सीआरआईएफ हाई मार्क' की इस रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान खुदरा ऋण में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाला आवासीय ऋण खंड 10.5 प्रतिशत बढ़कर 43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, सोने के बदले कर्ज यानी स्वर्ण ऋण में 44.1 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई और इसका बकाया 16.2 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक:** धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख–रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## भगवान श्री कृष्ण की नगरी जाने वालों को रेलवे की सौगात

**श्रीगंगानगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद की मांग पर रेलवे द्वारा होली पर्व पर यात्रियो की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-ईदगाह(आगरा)-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। जेडआरयूसीसी पूर्व सदस्य भीम शर्मा द्वारा श्रीगंगानगर-नांदेड़ द्वि साप्ताहिक ट्रेन के बुधवार और गुरुवार को श्रीगंगानगर में खड़े रैक का इस्तेमाल करने के सुझाव पर इस ट्रेन को संचालित करने की प्लानिंग की गई है।श्री शर्मा के अनुसार ट्रेन के फिलहाल 4 फेरे तय किए गए है।अच्छा यात्रीभार मिला तो फेरे बढ़वाए जाएंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04733, श्रीगंगानगर-ईदगाह (आगरा) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.03.26 से 25.03.26 तक (04 ट्रिप) श्रीगंगानगर से बुधवार को 14.30 बजे रवाना होकर गुरूवार को 05.15 बजे ईदगाह पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04734, ईदगाह(आगरा)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05.03.26 से 26.03.26 तक (04 ट्रिप) ईदगाह से गुरूवार को 07.30 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 02.30 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अबोहर, मलौत, बठिण्डा, रमन, कालांवाली, सिरसा, भट्टू, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाडी, अलवर, रामगढ, गोविन्दगढ, बृजनगर, डींग, गोवर्धन, मथुरा व अछनेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## सर्वेक्षण : इस साल 9.1 प्रतिशत औसत वेतन वृद्धि का अनुमान, पिछले वर्ष था 8.9 प्रतिशत


**मुंबई (एजेंसी)।** देश में इस साल विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को औसतन 9.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 8.9 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक है। मंगलवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन ने अपने 'वार्षिक वेतन वृद्धि एवं कारोबार सर्वेक्षण 2025-26' का हवाला देते हुए कहा कि इस साल 9.1 प्रतिशत की अनुमानित वेतन वृद्धि वर्ष 2025 में दर्ज 8.9 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि से थोड़ी अधिक है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन औसतन 10.1 प्रतिशत बढ़ सकता है। मोटर वाहन एवं वाहन विनिर्माण क्षेत्रों के कर्मचारियों को 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिलने की संभावना है। वहीं, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिल सकती है। भारत भी अनिश्चितता से जूझ रहा ओएन इंडिया में साझेदार (प्रतिभा समाधान) रूपांक चौधरी ने कहा, ''भारत अपनी वृद्धि यात्रा के अगले चरण में एक मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद के साथ कदम रख रहा है। कंपनियों के भू-राजनीतिक अनिश्चितता से जूझने के बावजूद सुदृढ़ घरेलू मांग, मुद्रास्फीति में नरमी और नए व्यापार समझौते मध्यम अवधि के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण में योगदान दे रहे हैं।''

## आयुष्मान के तहत कार्डियक सर्जरी पार्क अस्पताल मोहाली में भी होगा इलाज : डॉ. जोशी



**चंडीगढ़।** पार्क अस्पताल मोहाली के सीनियर कंसल्टेंट-सीटीवीएस डॉ. सिद्धार्थ गर्ग और कंसल्टेंट -कार्डियक एनेस्थीसिया डॉ. अर्जुन प्रताप जोशी ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान हृदय रोग के इलाज में मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भारतीय आबादी में हृदय रोगों के बढ़ते मामलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पार्क हॉस्पिटल्स 18 अस्पतालों, 4160 बेड, 900 आईसीयू बेड, 14 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ओटी और 1200 से अधिक डॉक्टरों के साथ उत्तर भारत का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नेटवर्क है।डॉ. सिद्धार्थ गर्ग ने कहा कि सीएबीजी, वाल्व रिप्लेसमेंट, एएसडी, वीएसडी (हृदय में छेद), फेफड़े के ट्यूमर को हटाने के लिए फेफड़े और वक्ष सर्जरी, एम्पाइमा, मीडियास्टिनल मास, बेंटल सर्जरी जैसी सभी प्रकार की सीटीवीएस सर्जरी के साथ, पार्क अस्पताल, मोहाली कार्डियक साइंसेज के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बन गया है। मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी और रोबोटिक सर्जरी कार्डियक सर्जरी का भविष्य बनने जा रही हैं। डॉ. अर्जुन जोशी ने कहा, /''भारत में जल्द ही दुनिया में हृदय रोग के सबसे अधिक मामले होंगे। भारत में 27% मौतें हृदय रोगों के कारण होती हैं। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैली 1.44 अरब से अधिक की अनुमानित आबादी में से लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं। पार्क हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ आशीष चड्ढा ने कहा, /''पार्क अस्पताल मोहाली अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, सीएपीएफ, ईएसआई, आयुष्मान, हरियाणा और हिमाचल सरकारों और सभी प्रमुख कॉरपोरेट्स के साथ सूचीबद्ध है।

## शब्द पहेली - 6149




**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6148 का हल**





# इंग्लैंड टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम, पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया

## इंग्लिश टीम सबसे ज्यादा 5वीं बार अंतिम चार में पहुंची

## शाहीन के 4 विकेट बेकार

एजेंसी ▶▶ पाल्लेकल

कप्तान हैरी ब्रुक की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रुक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रुक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। वह मौजूदा सत्र में ऐसा करने वाला देश है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिये। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। सलमान मिर्जा के खिलाफ छक्का जड़ने वाले ब्रुक ने सईम अयूब की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराये। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये। ब्रुक ने मोहम्मद नवाज के खिलाफ दो चौके लगाने के बाद बैकफुट से छक्का जड़ पावरप्ले को खत्म किया जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन हो गया। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया।




### पाक-164/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहिबजादा पगबाधा ओवरटन | 63 |
| सईम अयूब का बेथल बो आर्चर | 07 |
| सलमान का ओवरटन बो डॉसन | 05 |
| बाबर बो ओवरटन | 25 |
| फखर जमां का डॉसन बो रशीद | 25 |
| शादाब खान रन आउट | 23 |
| उस्मान का ओवरटन बो डॉसन | 08 |
| मोहम्मद नवाज पगबाधा डॉसन | 00 |
| शाहीन का कुरेन बो आर्चर | 02 |
| सलमान मिर्जा नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 04
कुल योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन
विकेट पतन: 1-14, 2-27, 3-73, 4-122, 5-132, 6-146, 7-146, 8-149, 9-164
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-32-2, ओवरटन 3-0-26-2, डॉसन 4-0-24-3, कुरेन 3-0-24-0, रशीद 4-0-31-1, जैक्स 2-0-27-0

### इंग्लैंड-166/8 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सॉल्ट का उस्मान बो शाहीन | 00 |
| बटलर का उस्मान बो अफरीदी | 02 |
| हैरी ब्रुक बो अफरीदी | 100 |
| जैकब का फरहान बो अफरीदी | 08 |
| टॉम का फरहान बो अफरीदी | 02 |
| सैम का नवाज बो तारिक | 16 |
| विल जैक्स बो नवाज | 28 |
| जैमी स्टं. उस्मान बो नवाज | 00 |
| लियाम डॉसन नाबाद | 01 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 04
कुल योग: 18. ओवर में छह विकेट पर 166 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-17, 3-35, 4-58, 5-103, 6-155, 7-160, 8-161
गेंदबाजी: अफरीदी 4-0-30-4, मिर्जा 3.1-0-26-0, अयूब 2-0-21-0, नवाज 3-0-26-2, शादाब 3-0-31-0, तारिक 4-0-31-2

## वूमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान

# 12 टीमें लेंगी हिस्सा, भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला क्रिकेट के सबसे बड़े मंच का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईसीसी ने वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की तारीख का भी खुलासा हो गया है। एक बार फिर दो चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी, जहां मुकाबला सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा का भी होगा। वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप इस साल 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा और इस बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे।

### एक ही ग्रुप में भारत-पाकिस्तान


ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स को जगह मिली है। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे। महिला क्रिकेट में भी यह प्रतिद्वंद्विता हर बार रोमांच से भर देती है, और इस बार भी स्टेडियम खचाखच भरे रहने की उम्मीद है। भारत हालिया टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 6 बार की चैंपियन टीम है। ऐसे में इस ग्रुप को 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। पाकिस्तान भी बड़े मंच पर उलटफेर करने की क्षमता रखता है, जिससे भारत-पाक मुकाबला और भी अहम बन गया है।

**वूमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप**

ग्रुप 1: ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स

ग्रुप 2: वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड

**भारत-पाक का 14 जून को होगा मुकाबला**



### इस दिन होंगे टीम इंडिया के मुकाबले

टीम इंडिया अपना पहला मैच 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद 17 जून को उसका सामना नीदरलैंड्स से होगा। 21 जून को टीम इंडिया के सामने साउथ अफ्रीकी टीम होगी, जबकि 25 जून को उसका समना बांग्लादेश से होगा। 28 जून को भारत के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम होगी। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कुल 9 एडीशन खेले गए हैं, जिसमें भारत के नाम एक भी खिताब नहीं है। टीम इंडिया ने चार बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में प्रवेश किया है, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी। इस बार भारत का मकसद जीत के साथ अपने सफर को पूरा करना होगा।

## खबर संक्षेप



### हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: सैमन्स

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा, ' इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

### हेटमायर की प्रतिभा बेकार जा रही थी : होप



**मुंबई।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। होप ने कहा, 'वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी।' उन्होंने कहा, 'वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं।

# कराटे के प्रबंधन के लिए गठित हो समिति : खेल मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से देश में कराटे के संचालन के लिए एक तदर्थ (एड-हॉक) समिति गठित करने को कहा है क्योंकि कई संगठन इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहे हैं, जिससे /"व्यवस्थित प्रशासन/" प्रभावित हो रहा है और खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा कि कराटे इस वर्ष एशियाई खेलों की सूची में शामिल है, इसलिए इसके सुशासन की संरचना सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस स्पर्धा में कुल 56 पदक दांव पर हैं। कराटे हालांकि 2024 ओलंपिक का हिस्सा नहीं था। मंत्रालय ने पत्र में कहा, ' मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अनुरोध करता है कि संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघ से परामर्श कर एक अंतरिम या तदर्थ समिति गठित की जाए, जो कराटे खेल के कार्यों की देखरेख और प्रबंधन करे।

# पहला वनडे: ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया

## 70 गेंद पहले हासिल किया 214 का लक्ष्य, हरमनप्रीत और स्मृति की फिफ्टी गई बेकार

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले वनडे मुकाबले में छह विकेट से पीट दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में उसे जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला था। बेथ मूनी (76) और एलिसा हीली (50) के अर्धशतकों से 70 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 214 रन का स्कोर बनाया था। भारत की तरफ से हरमनप्रीत कौर (53) और स्मृति मांधना (58) ने फिफ्टी बनाई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के बाद यह भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला था। साथ ही यह एलिसा हीली की आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त अंदाज में खेल दिखाया।

### बेथ और एनाबेल ने की शानदार बैटिंग



#### ओपनर्स का आतिशी खेल

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान हीली और फीबी लिचफील्ड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने लिचफील्ड को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज छह चौकों से 32 रन बनाकर आउट हुई। अगली गेंद पर जॉर्जिया वॉल भी आउट हो गई, जिससे श्रीचरणी हैट्रिक पर आ गई। लेकिन बेथ मूनी ने कप्तान के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को फिर से जीत की पटरी पर डाल दिया।

#### भारत ने जीता टॉस, चुनी बैटिंग

टॉस का सिक्का भारत के पक्ष में गिरा और उन्होंने बैटिंग करना चुना। यह फैसला गलत साबित हुआ। चार महीने बाद वापसी कर रही प्रतिका रावल दो गेंद खेल सकी और बिना खाता खोले मेगन शूट का शिकार हो गई। उनकी वापसी के चलते शेफाली वर्मा को नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आना पड़ा और वह भी नाकाम रही। 17 गेंद में चार रन बनाने के बाद उन्हें डार्सी ब्राउन ने आउट किया। जेमिमा रॉड्रिग्स आठ रन बनाकर एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। 52 पर तीन विकेट गिरने के बाद मांधना और हरमनप्रीत साथ आईं। इन्होंने चौथे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की।

# दिल्ली में शुरू हुई पैरा तैराकी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला शुरू हुई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे।



ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन को शॉल भेंट की। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा खेलों में अपनी विशेषज्ञता भारत के साथ साझा करने के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, 'पैरा तैराकी को बढ़ावा देने के लिए भारत में विशेषज्ञता लाने से हम बेहद खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत का संबंध मुख्य रूप से क्रिकेट से जुड़ा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे भारत वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एक भागीदार के रूप में बने रहना चाहता है।'

# प्राग शतरंज महोत्सव : साल की पहली सफलता पर डी. गुकेश की निगाह

एजेंसी ▶▶ प्राग

विश्व चैंपियन गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं।



गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है, जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।

## मैक्सिकन ओपन

# किप्सन ने किया बड़ा उलटफेर, दो बार के चैंपियन मिनौर को हराया



एजेंसी ▶▶ अकापुल्को

अमेरिका के पैट्रिक किप्सन ने मैक्सिकन ओपन के पहले राउंड में बड़ा उलटफेर किया है। उन्होंने छठी सीड और दो बार के चैंपियन एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ 6-1, (4)6-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। यह साल 2024 में इंडियन वेल्स के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। यह मैक्सिकन टूर्नामेंट में किप्सन का पहला मैच था, इत्तेफाक से उसी हफ्ते उन्होंने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की थी। दूसरी ओर, डी मिनौर दो हफ्ते पहले रॉटरडैम में खिताब जीतने के बाद अपना पहला इवेंट खेल रहे थे। किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर की सर्विस तोड़कर मैच का पासा पलट दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आखिरी सेट में 5-4 से जीत हासिल की, और फिर दो घंटे 39 मिनट में एक मुश्किल मुकाबला खत्म किया।

### पैट्रिक ने तीन ब्रेक चांस को पाइंट में बदला

एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, अमेरिकन खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्व के बाद शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 71 प्रतिशत प्वाइंट्स (68 में से 48) हासिल किए, और अपने मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच में से तीन ब्रेक चांस को गोल में बदला। मैच के बाद किप्सन ने कहा, मुकाबला जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी। मुझे अच्छा रिटर्न करना था। मैंने अपना फोरहैंड बहुत जोरदार मारा। किस्मत से, मैं ये चीजें काफी लंबे समय तक कर पाया। किप्सन इस हफ्ते अपने करियर में वर्ल्ड नंबर 103 हैं। वह एटीपी लाइव रैंकिंग में सात पायदान चढ़कर 93वें नंबर पर आ गए हैं। 26 वर्षीय किप्सन 2025 में सर्वाधिक 4 एटीपी चैलेंजर टाइटल जीतने वाले छह खिलाड़ियों में शामिल थे। दूसरे राउंड में, उनका मुकाबला ब्रैंडन नाकाशिमा से होगा, जिन्होंने इलियास यमर को 6-3, 6-4 से मात दी थी।

## मुंबई हाफ मैराथन जीतने के बाद हो गई थीं गायब

# डोप टेस्ट से भागीं पूजा, लगा 3 साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2025 में मुंबई हाफ मैराथन की फिनिश लाइन पार करते वक्त पूजा आत्माराम के चेहरे पर जीत की चमक थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में तस्वीर बदल गई। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना मिली, तो घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चैपरोन पूजा आत्माराम को डोपिंग कंट्रोल स्टेशन की ओर ले जा रहा था। भीड़, थकान और तनाव के बीच वह अचानक दिशा बदलकर भीड़ में गायब हो गई। इसके बाद न तो उनका सैंपल लिया जा सका और न ही अधिकारी पूजा से संपर्क कर पाए। एंटी-डोपिंग नियमों के तहत सैंपल देने से इनकार या टेस्ट प्रक्रिया से बचना गंभीर उल्लंघन माना जाता है। इसके चलते पूजा आत्माराम को तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर पूजा ने गलती मानते हुए माफी मांगी। इसे ध्यान में रखते हुए एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने चार साल के संभावित प्रतिबंध को एक साल घटाकर तीन साल कर दिया।




### लंबी दूरी की धाविका हैं पूजा

प्रतिबंध तीन फरवरी से लागू होगा। एआईयू ने यह भी कहा कि 23 नवंबर 2025 और उसके बाद के पूजा आत्माराम के नतीजे डिसक्वालिफाई माने जाएंगे। 30 वर्षीय पूजा आत्माराम मुख्य रूप से 5000 मीटर और 10 हजार मीटर स्पर्धाओं में हिस्सा लेती हैं। साल 2024 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए वह इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 2 में तीसरे स्थान पर रही थीं, जो अब तक का उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन है।

### टेस्ट से बचने भीड़ में गायब

एआईयू के विस्तृत फैसले में कहा गया कि रेस समाप्त होते ही एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर और लीड ने उन्हें टेस्टिंग के लिए चुने जाने की जानकारी दी थी। इसके बावजूद पूजा आत्माराम ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद चैपरोन के साथ डीसीएस की ओर जाते समय वह अचानक विपरीत दिशा में दौड़ पड़ीं और भीड़ में ओझल हो गईं।

### कौन होता है चैपरोन?

खेल में चैपरोन को एथलीट सहायक या पर्यवेक्षक भी कहते हैं। चैपरोन वह अधिकृत व्यक्ति है जो एथलीट्स के साथ रहता है, उनकी देखरेख करता है और उनकी सुरक्षा, भलाई और सही व्यवहार की तस्दीक करता है। रेस डायरेक्टर और लीड डीसीओ ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार उनका सैंपल एकत्र नहीं किया जा सका। इस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई इस साल तीन फरवरी को शुरू हुई। बाद में अपराध स्वीकारने के आधार प्रतिबंध में एक वर्ष की कमी दी गई।




## खबर संक्षेप

### पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहे पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग बीच समंदर में कराई गई। घटना में हेलीकॉप्टर में सवार 2 क्रू मेंबर और 3 पैसेंजर सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर को पानी से निकालने की कोशिश की जा रही है। पवन हंस भारत की सबसे बड़ी सरकारी हेलीकॉप्टर कंपनी है। इसे आसमान की बस सेवा समझ सकते हैं, जो उन जगहों पर जाती है, जहां ट्रेन या बड़े हवाई जहाज नहीं पहुंच पाते।

### अमेजन का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस



**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके कट्टिगेनहल्ली में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला है। 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला यह 12 मंजिला कैंपस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। ऑफिस में ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज जैसे विभागों के 7,000 से ज्यादा कर्मचारी एक साथ काम कर सकेंगे। नया कैंपस करीब 5 एकड़ जमीन पर बना है।

### ट्रंप की चेतावनी पर ईरानी कमांडर हातामी का बड़ा बयान

# हमारा देश युद्ध के लिए तैयार, वियतनाम और अफगानिस्तान की पराजय याद रखे अमेरिका

अमेरिका-ईरान के बीच अगली बैठक 26 फरवरी को जिनेवा में


पूर्व सीआईए अधिकारी का दावा, ईरान पर हमला होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर हमले की बयानबाजी के बीच ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम इसके लिए तैयार हैं। हातामी ने आगे कहा कि अमेरिका को वियतनाम और अफगानिस्तान की लड़ाई का हश्र देख लेना चाहिए। जहां उसे पराजय मिली। सेना प्रमुख हातामी ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी को एक खतरा मानता है और इसका जवाब दिए बिना नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज ईरान के सशस्त्र बलों की तैयारी युद्ध से पहले की तुलना में कहीं अधिक है।

हातामी ने कहा कि यदि अमेरिका कोई गलती करता है, तो उसे और भी निर्णायक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा, और हम किसी भी आक्रमणकारी का पुरजोर तरीके से मुकाबला करेंगे। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि ट्रंप की धमकी के जवाब में किसी भी हमले का भयंकर जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के खिलाफ हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान में संभावित सैन्य हमले के लिए खाड़ी देशों में अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ा दी है। पूर्व सीआईए अधिकारी जान किरियाकोऊ दावा कर चुके हैं कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर विचार कर रहे हैं, हालांकि दोनों देशों के बीच गुरुवार (26 फरवरी 2026) को जिनेवा में अगली वार्ता होने वाली है।

#### ईरानी नागरिकों को फोन पर मिले अलर्ट



यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



ईरानी सेना प्रमुख अमीर हातामी

ईरान में हजारों लोगों के फोन पर आए धमकी वाले मैसेज ने जंग को लेकर और हलचल मचा दी है। दरअसल, सोमवार को हजारों ईरानी नागरिकों के फोन पर एक रहस्यमयी फारसी मैसेज आया। मैसेज में लिखा था, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप एक बड़ा एक्शन लेने वाले आदमी हैं। देखते रहिए।'

#### ईरान को चीन देगा युद्धपोत डुबो देनी वाली मिसाइल

*अमेरिकी हमले के अंदेशे का सामना कर रहे ईरान ने चीन के साथ मिसाल खरीद की डील की है। ईरानी सेना चीन से सुपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल खरीद रही है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार चीन में बनी सीएम-302 मिसाइलों की डील पूरी हो चुकी है। चीन से अगले कुछ दिनों में इन मिसाइलों के ईरान पहुंचने की संभावना जताई गई है।*

#### जनरल केन ईरान के साथ युद्ध के पक्ष में: ट्रंप



डेनियल केन

ट्रंप ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें बताया जा रहा था कि अमेरिका के टॉप मिलिट्री कमांडर जनरल डेनियल केन ने ईरान के साथ संभावित युद्ध के खिलाफ हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल बताया कि फेक न्यूज मीडिया में कई कहानियां चल रही हैं जिनमें कहा गया है कि जनरल डेनियल केन, जिन्हें रजिन के नाम से भी जाना जाता है, ईरान के साथ हमारे युद्ध के खिलाफ हैं। यह कहानी 100% गलत है। ट्रंप ने कहा कि हम सब की तरह जनरल केन भी जंग नहीं देखना चाहते, लेकिन उनकी राय है कि यह युद्ध आसानी से जीता जा सकता है।

#### ईरान का सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत

ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मध्य ईरान के एक प्रमुख फल एवं सब्जी बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इस हादसे में जिसमें पायलट, को-पायलट समेत 4 लोगों की मौत हो गई कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किलोमीटर दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

#### ईरान को घेरने के लिए नेतन्याहू को चाहिए भारत का साथ



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक अलग गठबंधन का बनाने का प्रस्ताव दिया है। इजराइल का कहना है कि इस गठबंधन में भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब के कुछ देश, अफ्रीका के कुछ देश और एशियाई देश शामिल होंगे। हालांकि, उन्होंने अरब और अफ्रीका के देशों का नाम नहीं बताया। वहीं, दूसरी ओर अभी तक किसी भी देश ने इस गठबंधन को अपना समर्थन नहीं दिया है। पीएम मोदी के इजराइली दौरे से पहले नेतन्याहू ने इस गठबंधन का ऐलान किया है, जिसका नाम रखा है, 'हेक्सागन ऑफ एलायंस'। नेतन्याहू ने ईरान का मुकाबला करने के मकसद से पीएम मोदी के 25-26 फरवरी के इजराइल दौरे से पहले गठबंधन की रूपरेखा तैयार की है। इजराइल यह गठबंधन ईरान के नेतृत्व वाले 'कट्टरपंथी शिया ग्रुप' और एक 'उभरते कट्टरपंथी सुन्नी ग्रुप' का मुकाबला करने के लिए बनाना चाहता है।

### कनाडा ने उठाया सख्त कदम

## गलत जानकारी के आधार पर राणा की नागरिकता रद्द करने की तैयारी



तहव्वुर राणा

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत दौरे से पहले कनाडा सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान मूल के कारोबारी तहव्वुर राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है, जब कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा प्रस्तावित है। राणा 64 वर्ष का है और 1997 में कनाडा गया था। उसने 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल की थी। वह 26/11 हमले के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी माना जाता है।

#### अदालत करेगी फैसला

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की जांच में सामने आया कि राणा उस अवधि में ज्यादातर समय शिकागो में था। वहां उसके कई कारोबार और संपत्तियां थीं। जांच एजेंसियों ने इसे गंभीर और जानबूझकर किया गया धोखा बताया। विभाग ने कहा कि इस गलत जानकारी के कारण उसे नागरिकता मिल गई, जबकि वह पात्र नहीं था। कनाडा सरकार ने इस मामले को फेडरल कोर्ट में भेज दिया है। अंतिम फैसला अदालत ही करेगी। राणा के वकील ने इस फैसले को चुनौती दी है और कहा है कि यह उसके अधिकारों का उल्लंघन है। पिछले सप्ताह इस मामले में सुनवाई भी हुई। सरकार ने अदालत से कुछ संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा जानकारी सार्वजनिक न करने की अनुमति मांगी है। आव्रजन विभाग ने कहा कि नागरिकता रद्द करना आसान फैसला नहीं होता, लेकिन कानून की साख बनाए रखना जरूरी है। विभाग के अनुसार, पिछले दस वर्षों में ऐसे बहुत कम मामले सामने आए हैं। अब फेडरल कोर्ट तय करेगा कि राणा ने नागरिकता धोखे से हासिल की या नहीं।

#### 26 को भारत आएंगे कनाडाई पीएम कार्नी



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी 26 फरवरी को भारत दौरे पर आएंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा क्षेत्रों में नए अवसर तलाशना है। भारत के अलावा कनाडा के पीएम कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान की भी यात्रा करेंगे। पीएम कार्नी के कार्यालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर भारत यात्रा की जानकारी दी। कार्नी की भारत दौरे की शुरुआत आर्थिक राजधानी मुंबई से होगी। इसके बाद वह दिल्ली की यात्रा करेंगे, जहां उनकी मुलाकात पीएम नरेंद्र मोदी से होनी है। इस दौरान दोनों नेता कनाडा-भारत संबंधों को मजबूत और विस्तार देने पर चर्चा करेंगे।

मध्य-पूर्व के समुद्र में तैनात यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड से जुड़ा मामला, टॉयलेट के बाहर लगी 45 मिनट की लंबी लाइन

नित्य क्रिया में हो रही देरी से परेशान नौसैनिक आपस में एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं

## ईरान से नहीं युद्धपोत में छिड़े 'टॉयलेट युद्ध' से अमेरिका के नौसैनिकों में हाहाकार...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका का हमला जब होगा तब होगा। लेकिन उससे ठीक पहले दुनिया के इस सबसे ताकतवर मुल्क को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसने हर किसी को हैरान करके रख दिया है। पूरी संभावना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के माथे पर भी इसे लेकर चिंता की लकीरें होंगी। यहां बात अमेरिका के विशालकाय विमानवाहक युद्धपोत 'यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड' की हो रही है। जिस पर तैनात कुल करीब 5 हजार सैनिकों को खाड़ी देश ने नहीं बल्कि पोत के अपने ही बंद पड़े टॉयलेट ने नाक में दम कर दिया है। दरअसल ये युद्धपोत पिछले साल जून से ईरान के खिलाफ हमले से जुड़ी तैयारियों के मद्देनजर मध्य-पूर्व में अपनी मजबूत समुद्री तैनाती पर है। जिस पर 13 अरब डॉलर की लागत से पानी की बचत के लिए डिजाइन किया गया वैक्यूम वाला सीवेज सिस्टम लगाया गया था। युद्धपोत में नौसैनिकों के भारी-भरकम आंकड़े को देखते हुए कुल 650 टॉयलेट भी लगाए गए हैं। लेकिन इस बार इसकी लंबी तैनाती की वजह से सीवेज सिस्टम पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, ज्यादातर टॉयलेट बंद हैं। जिसकी वजह से कुछ में अमेरिकी नौसैनिकों को अपनी नित्य क्रिया के लिए 45 मिनट की लंबी लाइन लगाकर इंतजार करना पड़ रहा है। तो वहीं, कुछ में समस्या का समाधान न मिलने की वजह से बेहद नाराज नौसैनिक टॉयलेट के इस्तेमाल को लेकर आपस में एक-दूसरे से ही भिड़ रहे हैं। जबकि दूसरी ओर टॉयलेट की मरम्मत का काम देखने वाले नाविकों को बंद पड़े टॉयलेट खोलने में दिन-रात एक करने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी कोई सफलता हाथ नहीं लग रही है। गौरतलब है कि अमेरिका ने अपनी नौसेना में इस युद्धपोत को 2017 में तैनात किया था। जिसका कुल वजन 1 लाख टन है और इस पर एक साथ दर्जनों लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टरों की तैनाती रहती है।



#### पहले भी नौसैनिक झेल चुके परेशानी

ये पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ही नहीं बल्कि दुनिया के इस दूसरे सबसे बड़े विमानवाहक युद्धपोत पर टॉयलेट जाम होने की समस्या आई है। 2023 से लेकर अब तक तकनीकी दिक्कत की वजह से करीब तीन दर्जन से अधिक बार यानी 40 बार मामले में बाहरी मदद लेनी पड़ी है। वहीं, पिछले साल 2025 में ये समस्या और अधिक गंभीर हो गई थी। क्योंकि महज चार दिन के भीतर युद्धपोत का टॉयलेट सिस्टम कुल 200 बार फेल हुआ। जबकि इसे दुरुस्त करने के लिए इंजीनियरों को 19-19 घंटे तक की मशक्कत करनी पड़ी थी। इस मामले को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि युद्धपोत पर तैनात चालक दल के सदस्य जाम टॉयलेट की इस समस्या से इतने आजिज आ चुके हैं कि उनका गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है और वो अपनी इस तैनाती के खत्म होने के साथ ही अमेरिकी नौसेना को अलविदा कहने का मन बना रहे हैं।

#### लंबी तैनाती से प्रभावित होती मरम्मत

शांतिकाल में यूएसएस जेराल्ड की समुद्री तैनाती की औसतन अवधि लगभग 6 महीने की होती है। इस बार जनवरी के पूर्व में वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी प्रकरण में समुद्र में अपनी दमदार तैनाती के साथ निभाई गई भूमिका के बाद ईरानी समुद्र में इसे आठ महीने का वक्त हो चुका है। जिससे पोत में मौजूद टॉयलेट के अलावा अन्य जरूरी सिस्टम की मरम्मत का काम भी प्रभावित हो रहा है। समुद्र में लंबी अवधि के दौरान पोत के सिस्टम गड़बड़ाने लगते हैं और उन्हें तुरंत मरम्मत की आवश्यकता पड़ती है। जो कि मौजूदा जटिल माहौल में फिलहाल कहीं से संभव नजर नहीं आ रहा है। अमेरिकी युद्धपोत के सामने रणनीतिक क्षमता प्रभावित होने की चुनौती भी बनी हुई है। लेकिन अमेरिका की नौसैना ने ऐसे किसी तथ्य से साफ इंकार किया है और कहा है कि तकनीकी समस्याओं से युद्धपोत की क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध को 4 साल पूरे, जेलेंस्की बोले- हमने देश नहीं खोया

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी भयावह संघर्ष की चौथी बरसी पर मंगलवार को यूरोप के एक दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उनका यह दौरा यूक्रेन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना का डटकर सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में रूस ने यूक्रेन के केवल 0.79 प्रतिशत इलाके पर ही कब्जा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि हमने अपनी आजादी की रक्षा की है, हमने अपना देश नहीं खोया है।




### राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ों तक गूंजते सेना के तोप और टैंक...

## पोखरण रेंज में 'अग्नि वर्षा' और चौबटिया में भारत-जापान युद्धाभ्यास 'धर्मा गार्डियन' का हुआ आगाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमा-पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दिए गए करारे जवाब को भले ही करीब दस महीने का वक्त बीत चुका है। लेकिन भारतीय सेना की बंदूकें, तोप और टैंक अभी भी पूरी तरह से शांत नहीं हुए हैं। देश के अलग-अलग सरहदी इलाकों में उनकी भीषण गर्जना सुनाई दे रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं थलसेना के दो युद्धाभ्यासों की। जिनमें से एक 'अग्नि वर्षा' मंगलवार को राजस्थान में पाकिस्तान से लगी सीमा के करीब पोखरण फायरिंग रेंज के इलाके में किया गया। जबकि दूसरा उससे कुछ दूरी पर उत्तराखंड के पहाड़ों में भारत-जापान की सेनाओं के बीच चौबटिया मिलिट्री स्टेशन पर शुरू हुआ युद्धाभ्यास 'धर्मा गार्डियन' है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन दोनों युद्धाभ्यासों के जरिए सेना अपनी रणनीतिक तैयारियों को हर लिहाज से चाक चौबंद बनाए रखना चाहती है। जिससे आवश्यकता पड़ने पर दुश्मन से दो-दो हाथ करने में आसानी होगी।




#### धर्मा गार्डियन में होंगी ये गतिविधियां

युद्धाभ्यास में पांच चीजों का समावेश किया जाएगा। जिसमें सबसे पहले खुफिया, निगरानी और टोही ग्रिड का विकास करना, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, शत्रुतापूर्ण वातावरण में घेराबंदी, तलाशी अभियान चलाना, हेलीकॉप्टर आधारित अभियान होंगे और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल का संचालन भी देखने को मिलेगा।

#### सहयोग का जरूरी स्तंभ धर्मा गार्डियन

भारत और जापान के बीच चौबटिया मिलिट्री स्टेशन स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र पर 24 फरवरी से शुरू हुआ द्विपक्षीय धर्मा गार्डियन युद्धाभ्यास अगले महीने 9 मार्च तक चलेगा। इस वर्ष दोनों देशों के बीच इसका सातवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। दोनों ओर से कुल 240 सैनिक (क्रमशः 120-120) इसमें भाग ले रहे हैं। भारतीय सेना से जम्मू-सैनिक सुरक्षा बल (जेजीएसडीएफ) की 32वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट और लद्दाख स्काउट्स के रणबांकुरे मिलकर संयुक्त रूप से युद्धाभ्यास में अपने युद्धकौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। धर्मा गार्डियन को दोनों देश प्रतिवर्ष क्रमवार रूप से आयोजित करते हैं। जिसके तहत इस साल भारत की बारी है। ये युद्धाभ्यास भारत, जापान के रक्षा सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना हुआ है।

#### मजबूत होंगी सैन्य क्षमताएं

भारत-जापान युद्धाभ्यास का उद्देश्य अर्ध-शहरी माहौल में संयुक्त अभियानों को पूरा करने के लिए सैन्य सहयोग को मजबूत बनाते हुए संयुक्त क्षमताओं को आगे बढ़ाना है। अगले दो हफ्तों में चौबटिया में दोनों देशों के सैनिकों की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना प्रक्रियाओं को परिष्कृत करने और रणनीतिक अभ्यासों को समन्वित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मूल रूप से ये आधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रयोग, अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने और समकालीन परिचालन पहलुओं पर आधारित है।

#### यूं दिखी हथियारों की यूनिक फायरिंग

मंत्रालय ने कहा कि अग्निवर्षा युद्धाभ्यास को सेना की दक्षिणी कमांड द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें परंपरागत युद्ध की तकनीक के साथ बल के सभी विध्वंसक हथियारों का एकीकृत ढंग से इस्तेमाल किया गया। जैसे बेहद सटीकता के साथ वार करने वाले लंबी दूरी के मारक कमांड-कंट्रोल सिस्टम के साथ वास्तविक रणनीतिक माहौल की परिकल्पना में बोफोर्स और सारंग तोप, के-9 वज्र, टी-90 टैंक की प्रचंड गर्जना हुई। रॉकेट दागे गए, अपाचे, उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) ने अपनी मारक क्षमता दिखाई। जबकि निगरानी और युद्धक ड्रोन जैसे अन्य हथियारों का भी युद्धाभ्यास में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। हथियारों से एकीकृत अंदाज में की गई फायरिंग और उनकी रणनीतिक कलाबाजियों के जरिए अलग-अलग प्रकार के क्षेत्र में मशीनीकृत बल की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया गया। युद्धाभ्यास में मूलरूप से तकनीक के समावेश के साथ स्वदेशीकरण, क्षमता विकास पर जोर दिया गया। साथ ही इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के मद्देनजर तेज और समन्वय के साथ सटीक अभियानों के संचालन को लेकर अपनी तैयारियों के प्रति सेना ने प्रतिबद्धता भी जताई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109